* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 178

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


शराब नीति केस, कोर्ट ने फिर बढ़ायी मनीष सिसोदिया की कस्टडी : 27 तक सीबीआइ और 29 अप्रैल तक इडी की हिरासत में रहेंगे।













नियोजन नीति के विरोध में सीएम आवास का घेराव करने जा रहे थे छात्र

# राजधानी में बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश, पुलिस का बल प्रयोग

- दर्जनों छात्र नेता गिरफ्तार, कल झारखंड बंद का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले आयोजित सीएम आवास का घेराव कार्यक्रम सोमवार को पूरा हुआ। छात्रों ने सीएम हाउस के सबसे करीबी चौक तक पहुंच हंगामा किया। पहले से तय आंदोलन को देखते हुए पुलिस प्रशासन की योजना छात्रों को मोरहाबादी में ही रोकने की थी, पर छात्र कांके रोड राम मंदिर चौक तक पहुंच गये। मोरहाबादी से छात्रों का दल छात्र नेता मनोज यादव और आदिवासी छात्र संघ प्रमुख अमनदीप मुंडा के नेतृत्व में आगे बढ़ा। पहले आंदोलनरत छात्र ऑक्सीजन पार्क वाली सड़क से सीएम हाउस की ओर से बढ़े, लेकिन वहां उन्हें रोक दिया गया। इसके बाद वे रेडक्रॉस वाली सड़क की ओर आये। यहां उन्हें मोरहाबादी टीओपी के पास रोक दिया गया। छात्रों ने यहां जम कर नारेबाजी की। उन्होंने पहले तो बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। एसडीएम की ओर से घोषणा किये जाने के बाद वे ऑक्सीजन पार्क के पीछे खेत और गली वाले रास्ते से कांके रोड राम मंदिर चौक पहुंचे। यहां पहले से तैनात सिटी एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया। छात्रों और प्रशासन के बीच यहां लगभग एक घंटे तक रस्साकशी चली।



झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले सीएम आवास घेरने जा रहे छात्रों पर लाठी भांजती पुलिस। (इंसेट में जख्मी छात्र।)

## जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस आज, कल बंद

19 अप्रैल के झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए 18 अप्रैल को जिला और प्रखंड मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकाला जायेगा। 19 अप्रैल को सुबह से सड़क पर उतर कर झारखंड बंद को सफल बनाने का प्रयास होगा। आकस्मिक सेवा को बंद से मुक्त रखा जायेगा। यह जानकारी आंदोलनकारियों की ओर से दी गयी।

**धरने पर बैठ गये आंदोलनकारी छात्र**

प्रशासन की ओर से सख्ती बरते जाने के बाद सभी आंदोलनकारी छात्र चौक पर ही धरने पर बैठ गये। पहले तो यहां पुलिस अधिकारियों ने आंदोलनकारी छात्रों को समझाया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। इस दौरान एक छात्र का सिर भी फूट गया। आंदोलनरत छात्रों का कहना है कि पुलिस की लाठी से उसका सिर फूटा है। इसके बाद पुलिस ने कई आंदोलनकारी छात्रों को हिरासत में लेकर कैंप जेल भेज दिया। आंदोलनरत छात्रों का कहना है कि छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो और मोतीलाल महतो को ओरमांझी थाना ले जाया गया है। इनके अलावा मनोज यादव, देवेंद्रनाथ यादव, मोतीलाल यादव, बेबी महतो, योगेश भारती, अमनदीप मुंडा सहित कई अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है।

**क्यों आंदोलन कर रहे युवा**

राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए जो नीति बनायी है, उसे छात्र राज्य हित में नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि अगर इस नीति के अनुसार नियुक्तियां हुईं, तो राज्य के युवाओं की नियुक्ति में सेंधमारी हो जायेगी।

कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को मंजूरी

# दो हजार पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

- एलडीसी, पंचायत सचिव और आशुलिपिक के पद पर होगी नियुक्ति
- लाह की खेती को मिला कृषि का दर्जा, चार लाख परिवारों को होगा फायदा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि राज्य में एलडीसी, पंचायत सचिव और आशुलिपिक के दो हजार पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्मिक विभाग के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 2017 में निकाले गये विज्ञापन और नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। अब कैबिनेट द्वारा कार्मिक का आदेश निरस्त करने के बाद इन पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि इन पदों पर परीक्षा होने के बाद रिजल्ट भी निकल गया था, लेकिन कार्मिक के आदेश से नियुक्ति पर रोक लगी थी।

इसके अलावा कैबिनेट ने लाह की खेती को कृषि का दर्जा देने का फैसला लिया। इसका लाभ चार लाख ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। कैबिनेट ने निजी सुरक्षा नियमावली 2023 के गठन की मंजूरी दी। इसके अलावा 172 ग्रेजुएट अप्रेंटिस, 162, एडवांस्ड टेक्निकल डिप्लोमा अप्रेंटिस के पद पर एक साल का कार्य लेने की मंजूरी दी गयी।

## पत्रकारों की आइडी जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति मिली

उत्तरप्रदेश में मीडियाकर्मी के वेश में आये तीन शूटरों के द्वारा अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मार कर हत्या कर देने का असर झारखंड मंत्रालय में भी दिखा। कैबिनेट की बैठक के चलते बड़ी संख्या में पत्रकार सोमवार को मंत्रालय रिपोर्टिंग करने के लिए पहुंचे थे। प्रोजेक्ट भवन के मुख्य गेट पर ही सुरक्षाकर्मियों ने सभी पत्रकारों के आइडी की जांच की। आइडी देखने के बाद ही पत्रकारों को अंदर कवरेज के लिए जाने दिया गया। पुलिस मुख्यालय से भी इस संबंध में निर्देश दिया गया था और कड़े इंतजाम किये गये थे, ताकि प्रोजेक्ट भवन की सुरक्षा में कोई खतरा उत्पन्न ना हो। मुख्यालय की ओर से ही पत्रकारों की भी आइडी जांच का निर्देश दिया गया था।

## जगरनाथ महतो के निधन पर शोक

कैबिनेट की बैठक में जगरनाथ महतो, मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के असामयिक निधन पर शोक प्रकट किया गया एवं गहरी संवेदना व्यक्त की गयी तथा इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। सादगी की प्रतिमूर्ति स्वर्गीय जगरनाथ महतो के उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण किया गया तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में वेदना को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गयी।

**शेष पेज 4 पर...**

## न्यायिक आयोग के बाद दो एसआइटी गठित

**प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** अतीक-अशरफ हत्याकांड की तीन स्तरों से जांच होगी। हत्या की जांच के लिए दो एसआइटी गठित की गयी है। इससे पहले सरकार ने रविवार को न्यायिक आयोग का गठन किया था। उधर जेल सूत्रों के मुताबिक अतीक का बेटा अली सोमवार दोपहर में अपना सिर बैरक के गेट पर मार लिया, जिससे उसके सिर में चोट आ गयी है। गौरतलब है कि शनिवार की रात अतीक और अशरफ को पुलिस जब अस्पताल ले जा रही थी, तब तीन हत्यारों ने उन्हें गोली मारी। इसमें अतीक और अशरफ की मौके पर ही मौत हो गयी। तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने इन्हें प्रयागराज जेल भेज दिया है। साथ ही पूछताछ के लिए रिमांड पर ले रही है।

**हत्याकांड के लिए गठित जांच टीम:** प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा ने तीन सदस्यीय एसआइटी गठित की है। इसमें प्रयागराज के एडीसीपी क्राइम सतीश चंद्र, एसीपी सत्येंद्र प्रसाद तिवारी और इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच ओमप्रकाश को शामिल किया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश के डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने भी एसआइटी गठित की है। इसकी अध्यक्षता प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर करेंगे। उनके साथ कमिश्नर प्रयागराज और एफएसएल डायरेक्टर को शामिल किया गया है। इससे पहले रविवार को गृह विभाग ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग गठित किया है। हाइकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अरविंद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोग काम करेगा। इसमें रिटायर्ड डीजीपी सुबेश सिंह और रिटायर्ड जिला जज बृजेश कुमार सोनी को शामिल किया गया है।

**नैनी जेल में अतीक के बेटे का हंगामा:** अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ पर फायरिंग करने वाले शूटर अरुण मौर्य, सनी सिंह और लवलेश तिवारी को नैनी सेंट्रल जेल से प्रतापगढ़ शिफ्ट किया गया है। नैनी जेल में अतीक का बेटा अली अहमद कैद है। ऐसे में गैंगवार के खतरे को देखते हुए अतीक-अशरफ के तीनों शूटरों की जेल बदली गयी है। उधर, जेल सूत्रों के अनुसार अली अपने भाई असद के एनकाउंटर के बाद से ही परेशान है। पिछले तीन रातों से वह सोया भी नहीं है। जेल का खाना खाने से भी इनकार कर दिया है। वह बार-बार सिर्फ एक ही बात कह रहा है कि धोखे से हमारे भाई को मार दिया, अब्बू और चाचा को भी मार दिया।

# आइएएस छवि रंजन को इडी का समन, 21 को बुलावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन को समन भेज कर 21 अप्रैल को रांची इडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।



**इडी ने 13 अप्रैल को सात लोगों को किया था गिरफ्तार:** बता दें कि इडी ने 13 अप्रैल गुरुवार को आर्मी लैंड स्कैम मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। इडी ने गिरफ्तार सातों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया था। जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जिसके बाद इडी सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। चार दिनों की रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर इडी आइएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी। वर्तमान में वह समाज कल्याण विभाग के निदेशक हैं।

## 15 लोग पहुंचे इडी के पास, की शिकायत

इधर सोमवार को करीब 15 लोग एयरपोर्ट रोड स्थित इडी के कार्यालय में पहुंचे। वे सभी अपनी-अपनी जमीन के दस्तावेज लेकर पहुंचे थे और शिकायत की कि उनकी जमीन फर्जीवाड़ा कर बेच दी गयी है। पीड़ित लोगों ने कहा कि पुलिस से उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। इडी के अधिकारियों ने उनका आवेदन ले लिया और समुचित आश्वासन दिया।

# खूंटी एसडीओ को रौंदने की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** स्थानीय एसडीओ अनिकेत साचन को जान से मारने की कोशिश की गयी है। यह जानकारी डीसी शशिरंजन ने सोमवार को मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को एसडीओ को हाइवा से रौंदने की कोशिश की गयी। अवैध बालू के खनन पर रोक को लेकर जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी संदर्भ में रविवार की शाम अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान कार्रवाई के लिए कर्रा थाना अंतर्गत लोधमा के पास पहुंचे हुए थे। जहां कर्रा की ओर से आ रही हाइवा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन इस दौरान ट्रक अनुमंडल पदाधिकारी की गाड़ी को टक्कर मरने का प्रयास करते हुए भागने में सफल हो गया। ट्रक के विरुद्ध कर्रा थाना में एफआइआर दर्ज किया गया है। डीसी ने बताया कि अवैध खनन करने वालों और माफियाओं को प्रशासन लगातार तीखी चोट दे रहा है। हाल के दिनों ने एसडीओ ने कई बार छापामारी कर अवैध कारोबार करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इनमें बालू तस्कर भी शामिल हैं। इसी बात से बौखला कर माफियाओं ने यह दुस्साहसिक कदम उठाया। घटना में शामिल हाइवा की पहचान कर ली गयी है। उसका मालिक और माफिया जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। डीसी ने बताया कि बीते तीन महीने में अवैध खनन और बालू तस्करी मामले में दर्जनों लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है। जिला प्रशासन के सख्त रुख के कारण जिले में अवैध खनन और बालू तस्करी का कारोबार लगातार धीमा पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,100 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## तुम मुझे कुर्सी दे दो, हम सब कुछ तुम्हें मुफ्त में दे देंगे वाली राजनीति से बर्बाद हो जायेगा भारत

# फेल है 'रेवड़ी राजनीति' से सत्ता हासिल करने का मॉडल

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में चुनाव अभियानों में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त चीजें और पैसे देने के वादे किये जाते रहे हैं। भारत जैसे संपूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में सत्ता हासिल करने के लिए 'रेवड़ी' की राजनीति पुराना और ताकतवर हथियार माना जाता रहा है। देश में अब तक हुए 17 संसदीय चुनावों और सैकड़ों विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दल मतदाताओं से कई वादे करते रहे हैं। इनमें से कुछ वादे पूरे होते हैं, अधिकांश कागजों में ही रह जाते हैं। इस 'रेवड़ी राजनीति' से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'एक गंभीर मुद्दा' बताया था। अदालत के अनुसार, जिन्हें यह मिल रहा है, वे जरूरतमंद हैं और हम कल्याणकारी राज्य हैं। कुछ करदाता कह सकते हैं कि इसका इस्तेमाल विकास के लिए किया जाये। इसलिए यह गंभीर मुद्दा है। अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और कल्याणकारी कार्यक्रमों में संतुलन की जरूरत है। पीएम मोदी ने भी देश में बढ़ रही 'रेवड़ी राजनीति' पर रोक लगाने की बात कही थी। अगले महीने होनेवाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्पित करने के लिए जिस तरह से राजनीतिक दल रेवड़ी देने का वादा कर रहे हैं, इससे एक बार फिर यह बहस जोर पकड़ रही है कि क्या इस तरह की राजनीति से देश का भला हो सकता है। जानकार कहते हैं कि जब कोई वोट मांगने जाता है, तो इस तरह की बातें कहनी होती हैं। लेकिन इसमें एक फर्क है कि सामान्य रूप से यह कहना कि हम सबका ध्यान रखेंगे और विशेष रूप से कहना जैसे 'हर परिवार को मिक्सी, टीवी और स्कूटी दिये जायेंगे'। दोनों अलग-अलग चीजें हैं। यह प्रवृत्ति किसी एक दल की नहीं है, बल्कि सभी दलों की होती है, लेकिन यह प्रवृत्ति रुकनी चाहिए। देश में बढ़ रही 'रेवड़ी राजनीति' के नफा-नुकसान का आकलन कर रहे हैं ***आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अगले महीने होनेवाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए मतदाताओं से कई लुभावने वादे किये हैं। दरअसल कांग्रेस को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व, ध्रुवीकरण की राजनीति, राम मंदिर निर्माण और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दे पर वह अब तक पिछड़ती आयी है। इसलिए हिमाचल की जीत से उत्साहित कांग्रेस अब महंगाई, बेरोजगारी, महिला और किसानों के मुद्दे को आगे करने के साथ लोगों को सीधा या मुफ्त लाभ देकर वोट साधने की तैयारी में है। राहुल के वादों के बाद एक बार फिर देश में बढ़ रही 'रेवड़ी राजनीति' पर नये सिरे से बहस छिड़ गयी है।

कांग्रेस की ओर से जो एलान किये गये हैं, उसके मुताबिक दो सौ यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी, जबकि घर की मुखिया को हर महीने प्रति व्यक्ति 10 किलो चावल मुफ्त दिये जायेंगे। इसके अलावा 18 से 21 साल तक उम्र के स्नातक बेरोजगारों को तीन हजार रुपये हर महीने दिये जायेंगे। डेढ़ हजार रुपये हर बेरोजगार डिप्लोमा होल्डर को दिये जायेंगे। इसके साथ ही राजस्थान की तर्ज पर बीपीएल परिवारों को पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है।

पिछले साल इस 'रेवड़ी राजनीति' पर बहुत कुछ कहा जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में इस पर चिंता जतायी जा चुकी है। पीएम मोदी देश का ध्यान इस ओर आकर्षित कर चुके हैं कि रेवड़ी संस्कृति किस तरह लोकतंत्र और अर्थतंत्र का बेड़ा गर्क कर रही है। यह वही संस्कृति है, जिसे मुफ्तखोरी की राजनीति भी कहा जाता है। यह राजनीति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली भी है। यह किसी से छिपा नहीं कि रेवड़ियां बांटने की राजनीतिक संस्कृति ने न जाने कितने देशों को तबाह किया है।

**आगे बढ़ते भारत के रास्ते का रोड़ा बनेंगे राजनीतिक दलों के वादे**



### यूरोप भुगत चुका है खामियाजा

यूरोप के कुछ विकसित देश इसी रेवड़ी संस्कृति के कारण आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। भारत के पड़ोस में ही श्रीलंका और पाकिस्तान का भी इसी रेवड़ी संस्कृति ने बुरा हाल किया है। अपने देश में ही देखा जाये, तो कई राज्य सरकारें इस रेवड़ी संस्कृति के कारण लगभग दिवालिया होने की कगार पर हैं। उनका बजट घाटा बढ़ता जा रहा है, लेकिन वे मुफ्तखोरी की राजनीति का परित्याग करने के लिए तैयार नहीं हैं। इस राजनीति ने राज्य के बिजली बोर्डों का भी बुरा हाल कर रखा है, क्योंकि राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लिए मुफ्त में या लागत से बहुत कम में बिजली दे रही हैं। इसका दुष्परिणाम बिजली बोर्ड भुगत रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट कर रहा सुनवाई

यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा है, जिसमें रेवड़ी संस्कृति पर लगाम लगाने की मांग की गयी है। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की इस याचिका पर केंद्र सरकार की ओर से यह कहा गया कि मुफ्तखोरी की राजनीति देश को आर्थिक तबाही की ओर ले जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय को गंभीर मानते हुए एक ऐसी समिति बनाने का सुझाव दिया, जिसमें केंद्र सरकार, चुनाव आयोग के साथ नीति आयोग, रिजर्व बैंक और विभिन्न दलों के प्रतिनिधि शामिल हों।

### सुप्रीम कोर्ट उठा चुका है सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान जब सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि इस पर उनकी क्या राय है, तो उन्होंने इस मामले से चुनाव आयोग को बाहर रखने की बात कही। स्वाभाविक रूप से सॉलिसिटर जनरल उनकी राय से सहमत नहीं हुए। इसी अवसर पर जब किसी ने यह सुझाव दिया कि इस विषय पर संसद में बहस होनी चाहिए, तो तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने सवाल किया कि आखिर इस पर कौन राजनीतिक दल गंभीरता से बहस करेगा?

### राजनीतिक दलों की मंशा पर सवाल

मुख्य न्यायाधीश का यह सवाल सही था, क्योंकि जब करीब-करीब सभी राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हों, तब फिर वे संसद में इस पर कोई सार्थक बहस कैसे कर सकते हैं? इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई राजनीतिक दल तरह-तरह के तर्कों से रेवड़ी संस्कृति का न केवल बचाव कर रहे हैं, बल्कि उसे जरूरी भी मान रहे हैं।

### चुनाव आयोग को अधिकार मिले, तब तो बने बात

वास्तव में इसी कारण तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी दल रेवड़ी संस्कृति के खिलाफ बात करने वाला नहीं है। निःसंदेह इस मामले में चुनाव आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन तभी जब उसे पर्याप्त अधिकार मिलें और वह राजनीतिक दलों की मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली मनमानी घोषणाओं पर अंकुश लगाने में सक्षम हो।

### रेवड़ी संस्कृति से होने वाले नुकसान

अभी तो चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर ही अपनी आपत्ति जता सकता है। वह चुनाव बाद बनी सरकार की ओर से लिये जाने वाले लोक लुभावन फैसलों के खिलाफ कुछ नहीं कर सकता। वास्तव में बात तब बनेगी, जब सभी राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति से होने वाले नुकसान को समझें और उस पर स्वतः ही अंकुश लगायें, लेकिन ऐसा होने के आसार नहीं हैं। इसलिए नहीं हैं, क्योंकि राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। कुछ दल तो अनाप-शनाप लोक लुभावन घोषणाएं करके एक तरह से वोट खरीदने लगे हैं। यह ठीक है कि औसत मतदाता परिपक्व हैं, लेकिन सभी ऐसे नहीं, जो मुफ्त की योजनाओं से होने वाले नुकसान को समझ सकें।

### रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक

जैसे यह एक तथ्य है कि रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक है, वैसे ही यह भी कि देश में एक बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे है और उसे कई तरह की राहत और रियायत देने की आवश्यकता है। इस जनसंख्या को गरीबी रेखा से निकालने के लिए किसी न किसी रूप में सब्सिडी यानी सरकारी राहत देनी ही होगी, लेकिन इसके लिए कोई पैमाना बनना चाहिए, जैसा कि आरक्षण के मामले में बना है। इसी के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं और लोक लुभावन योजनाओं के बीच के अंतर को भी परिभाषित किया जाना चाहिए। इसके अलावा ऐसा कोई नियम भी बनना चाहिए कि बजट का कितना प्रतिशत धन जन कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जा सकता है?

### गरीबों की आर्थिक स्थिति में नहीं हो रहा सुधार

यह नियम सभी राजनीतिक दलों पर बाध्यकारी होना चाहिए, वह चाहे सत्ताधारी दल हो या विपक्षी दल। जो भी वित्तीय सहायता अथवा सुविधा या सामग्री गरीबों को दी जाये, उसका लेखा-जोखा भी रखा जाना चाहिए और संबंधित योजनाओं की समीक्षा भी होनी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि उनसे अपेक्षित लाभ हो रहा है या नहीं? यदि किसी लोक लुभावन योजना से गरीबों की आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा हो और उनका जीवन स्तर ऊपर नहीं उठ रहा हो, तो फिर उसे जारी रखने का कोई मतलब नहीं।

### आम जनता को भी चेतना चाहिए

चुनाव जीतने के इरादे से राजनीतिक दलों की ओर से की जाने वाली लोक लुभावन घोषणाओं को लेकर आम जनता को भी चेतना चाहिए, क्योंकि ऐसी योजनाएं अंततः उसके लिए मुसीबत बनती हैं और अर्थव्यवस्था का बेड़ा भी गर्क करती हैं। मनरेगा योजना के बारे में रह-रहकर यह सवाल उठता रहता है कि आखिर यह कानून लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में कितनी सहायक है? इसी तरह यह सवाल भी उठता रहता है कि कर्ज माफी की योजनाएं किसानों और कृषि का कितना भला कर पा रही हैं?

### वोट हासिल करने के लिए कर्ज माफी करने की घोषणाएं

यह निराशाजनक है कि कर्ज माफी योजनाओं की नाकामी के बावजूद कई राजनीतिक दल चुनाव के मौके पर खुद को किसानों का हितैषी साबित करने और उनके वोट हासिल करने के लिए कर्ज माफी करने की घोषणाएं करते रहते हैं। यह ठीक नहीं है। जन कल्याण की योजनाओं के मामले में यह भी देखा जाना चाहिए कि उनका लाभ केवल पात्र लोगों को ही मिले। यदि जन कल्याण की आड़ में की जाने वाली मुफ्तखोरी की राजनीति लोगों को बैसाखी प्रदान करने या फिर उन्हें काम न करने के लिए प्रेरित करे, तो फिर ऐसे लोग न तो कभी आत्मनिर्भर बन सकते हैं और न ही देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

# गिरिडीह की कपिलो को मिला सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने की कड़ी और मजबूत हो रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। सरकार के प्रयास का ही परिणाम है कि गिरिडीह स्थित कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार पूरे भारत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन ग्राम पंचायतों को दिया गया है। सोमवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ने यह पुरस्कार पंचायत के मुखिया को दिया। दरअसल केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय प्रत्येक वर्ष विकास योजनाओं के पंचायती राज संस्थानों के कार्य निष्पादन को बेहतर कार्य करने वाली पंचायती राज संस्थाओं को पुरस्कृत करता है। इस समारोह में विभिन्न पुरस्कार की श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार मिला है। ग्राम पंचायत कपिलो गिरिडीह के बिरनी प्रखंड में स्थित है। कपिलो पंचायत में कपिलो, पंडाना कला, राजमनिया और चानो गांव ही हैं। ग्राम पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मूल्यांकन वर्ष में 96 पक्का आवास का निर्माण किया। पंचायत में कॉमन सर्विस सेंटर और पंचायत का अपना सिस्टम सेटअप संचालित है। पंचायत में आकर्षक पंचायत भवन के साथ आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, प्रज्ञा केंद्र और ज्ञान केंद्र भी स्थापित हैं। पंचायत भवन और विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, आंगनवाड़ी केंद्रों में क्रियात्मक स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। कपिलो में पुस्तकालय, सामुदायिक केंद्र, सात आंगनबाड़ी केंद्र और खेल का मैदान भी उपलब्ध है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है।



### हर घर बिजली और पेयजल

कपिलो के हर घर में बिजली 24 घंटा बिजली उपलब्ध रहती है। हर घर में नल से शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध है। जल भंडारण सुविधा के लिए स्टोरेज टैंक भी है। पंचायत का अपना एंबुलेंस भी उपलब्ध है, जिसमें ऑक्सीजन सहित सभी सुविधा उपलब्ध है। पंचायती राज के निदेशक निशा उरांव ने कहा कि पंचायतों में बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ साथ इनोवेशन की भी जरूरत हैं। नवाचार विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रकार की नीति संस्कृति और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहन देना होगा और इन्हें अन्य गांवों में भी अपनाना होगा, ताकि हर गांव समृद्ध बनें।

# गिरिडीह की सत्यम फैक्ट्री में आग लगने से चार मजदूर झुलसे

**आग लगने से उदनाबाद निवासी उमेश भारती, श्रीरामपुर निवासी छोटू यादव, अनिल गुप्ता और बिहार के बबलू यादव गंभीर रूप से झुलस गये। आनन-फानन में सभी घायलों को गिरिडीह शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला के मुफस्सिल थाना इलाके के अजीडीह-उदनाबाद में स्थित शिवम स्टील कंपनी की सत्यम फैक्ट्री में सोमवार सुबह लेडल गाड़ी में आग लग जाने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। सत्यम फैक्ट्री में एक दर्जन से अधिक की संख्या में मजदूर लेडल गाड़ी से लोहा लेकर जा रहे थे, इसी दौरान तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हुआ और लेडल गाड़ी में आग लग गयी। आग लगने से उदनाबाद निवासी उमेश भारती, श्रीरामपुर निवासी छोटू यादव, अनिल गुप्ता और बिहार के बबलू यादव गंभीर रूप से झुलस गये। आनन-फानन में सभी घायलों को गिरिडीह शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। इमसें मजदूर बबलू कुमार गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया गया।

# दिल्ली पुलिस के कर्मियों की देवघर में पिटाई, आरोपी को छुड़ाया

## साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने पहुंची थी टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के पथरौल के ठेगाडीडीह में एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची दिल्ली पुलिस के कर्मियों की ग्रामीणों ने जम कर पिटाई कर दी। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गये। ग्रामीणों न सिर्फ पुलिसकर्मियों की पिटाई की, बल्कि हथकड़ी लगे आरोपी को भी छुड़ा कर भाग गये। माहौल को देखते हुए उस समय पुलिसकर्मी वहां से निकल गये। इस घटना में दिल्ली पुलिस के तीन और पथरौल पुलिस का एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। इस मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दरअसल दिल्ली के ज्योति नगर साइबर अपराध थाने की पुलिस ने बिहार के बेगूसराय से साइबर आरोपी को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी। उसकी निशानदेही पर दिल्ली पुलिस देवघर के पथरौल पहुंची थी। स्थानीय पुलिस के सहयोग से दिल्ली पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने गयी थी, जहां यह घटना हुई। जब पुलिस आरोपी प्रमोद रवानी को पकड़कर वहां से जाने लगी, तो कुछ ग्रामीणों पुलिसकर्मियों को घेर लिया और उनकी पिटाई कर दी। इस मामले में एसपी सुभाष चंद्र जाट ने कहा कि जिन लोगों ने भी पुलिस के साथ बदसलूकी की है और आरोपी को छुड़ाकर ले गये हैं, उन सभी की गिरफ्तारी होगी। देर रात से ही देवघर पुलिस इस पर काम कर रही है। सरकारी काम में बाधा डालने और आरोपी को छुड़ाने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।

# किशोरी से दुष्कर्म करनेवाले इरफान सिद्दीकी और इरफान अंसारी को 25 साल की कैद

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अपर सत्र न्यायलय ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो युवकों को 25 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इरफान सिद्दीकी और इरफान अंसारी को दुष्कर्म के लिए दोषी पाते हुए 25 साल कैद की सजा के साथ-साथ बीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### अपहरण के केस में अदालत ने सुनाई सात 7 साल की सजा

जुर्माना न देने पर अदालत ने दोनों को एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा का आदेश भी दिया है। अपहरण के लिए भी दोनों को दोषी पाते हुए अदालत ने सात साल के कारावास की सजा के साथ-साथ दस हजार रुपये का जुमार्ना किया है। जुमार्ना न देने पर छह महीने अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलाने के साथ जुमार्ने की राशि पीड़िता को देने का आदेश अदालत ने दिया है।

### बीते साल दस मार्च का है मामला

बता दें कि पेटरवार पुलिस ने बीते साल 10 मार्च को किशोरी के दादा की शिकायत पर एफआइआर दर्ज की थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनकी पोती नौ मार्च को एक सहेली के साथ घर से स्कूल के लिए निकली थी। स्कूल से छुट्टी होने के बाद भी जब पोती नहीं लौटी तो उनका बेटा अपनी बेटी की तलाश शुरू किया।

### पेटरवार थाने में दर्ज करायी थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

जानकारी मिली कि बेटी स्कूल आयी ही नहीं है। इसके बाद किशोरी के पिता ने पेटरवार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। रिपोर्ट दर्ज कराने के कुछ देर बाद एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि परेशान मत हो, बेटी कुछ देर में आ जायेगी।

### बेहोशी की हालत में मिली थी किशोरी

कुछ देर बाद पेटरवार के बाजारटाड़ में किशोरी बेहोशी हालत में मिली। पुलिस के सहयोग से किशोरी के स्वजन उसे इलाज के लिए ले गये। यहां उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। विचारण के बाद अदालत ने इन दोषियों को सजा सुनाई है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.4 °c | 24.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.11 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.27 बजे | |



## कोर्ट ने 13 अप्रैल को जमानती वारंट जारी किया था

# हाइकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए परिवहन सचिव, मांगी माफी

**कहा- एमवीआइ नियुक्ति में 15 मई तक अदालत के आदेश का अनुपालन होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** परिवहन सचिव के श्रीनिवासन की ओर से कोर्ट से माफी मांगी गयी है, जिस पर कोर्ट ने उन्हें माफ करते हुए एमवीआइ की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। परिवहन सचिव ने कोर्ट को बताया कि 15 मई तक कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर लिया जायेगा। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप कर दिया। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि नियमावली में बदलाव कर संशोधित विज्ञापन निकाल कर एमवीआइ की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इससे पहले सुनील कुमार पासवान द्वारा एमवीआइ की नियमित नियुक्ति के मामले में दायर अवमानना याचिका मामले में सुनवाई को लेकर परिवहन सचिव के श्रीनिवासन हाइकोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ रांची एसएसपी किशोर कौशल भी मौजूद थे। बता दें कि परिवहन सचिव को कोर्ट में पेश करने को लेकर 13 अप्रैल को जमानती वारंट हाइकोर्ट ने जारी किया था और रांची एसएसपी को उन्हें कोर्ट में पेश करने को कहा था। बताते चलें कि इससे पूर्व में हुई सुनवाई में हाइकोर्ट ने परिवहन सचिव को एमवीआइ के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने परिवहन सचिव को 29 मार्च को खुद शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था। परिवहन सचिव की ओर से इसके बाद दो सप्ताह का समय मांगा गया था, लेकिन इस दौरान भी परिवहन सचिव की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका था।

## हाइकोर्ट ने एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण मामले में केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सोमवार को हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण मामले के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान इडी ने पक्ष रखा। इडी की ओर से अदालत को बताया गया कि केरेडारी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 19 जून को करेगी। खंडपीठ ने मंटू सोनी की याचिका पर सुनवाई की। मंटू की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा।

# हक देने के बदले युवाओं पर लाठियां बरसा रही हेमंत सरकार: दीपक प्रकाश

**खून की एक-एक बूंद का बदला इवीएम की मार से लेंगे राज्य के युवा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने सोमवार को राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार राज्य के बेरोजगार नौजवानों के साथ अपराधियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने हक और अधिकार की मांग करते हुए बेरोजगार छात्रों पर हेमंत सरकार लाठियां बरसा रही। गिरफ्तार कर उन्हें जेल की धौंस दिखा रही। उन्होंने कहा कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले हजारों छात्रों का यह पूर्व घोषित कार्यक्रम था। राज्य के बेरोजगार नौजवान जो पिछले साढ़े तीन वर्षों से नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे उनका धैर्य अब समाप्त हो चुका है। युवा वही मांग रहे जिसकी हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था, लेकिन यह सरकार वादा पूरा करने के बदले युवाओं को कभी भाषा के नाम पर, कभी 1932 के नाम पर तो कभी 60:40 की अमान्य नियोजन नीति के नाम पर बरगला रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को 2019 का अपना भाषण और झामुमो कांग्रेस राजद के नेताओं को अपना घोषणा पत्र देखना चाहिए। युवा वही मांग रहे जिसके आधार पर गठबंधन ने घूम-घूम कर वोट मांगे थे। श्री प्रकाश ने कहा कि युवाओं का खून बहाना हेमंत सरकार को काफी महंगा पड़ेगा। राज्य की युवा शक्ति खून की एक-एक बूंद का बदला इवीएम की मार से लेगी।

# ओरमांझी में हाइटेंशन तार की चपेट में आयी जेसीबी, चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** रांची के ओरमांझी स्थित पिस्का में 17 अप्रैल को दर्दनाक हादसे में जेसीबी चालक की मौत हो गयी। दरअसल जेसीबी गाड़ी हाइटेंशन तार की चपेट में आ गयी। इस वजह से गाड़ी में आग लग गयी। इस दौरान चालक गाड़ी से निकल नहीं सका और जेसीबी में ही फंस कर रह गया। इस वजह से वह बुरी तरह से जल गया। इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब आग बुझ गयी, तो जेसीबी से चालक का शव बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश में जुट गयी। मृतक की अब तक पहचान नहीं हुई है। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, अनावश्यक खर्च से परेशानी।

**वृष** श्रेष्ठजनों के सहयोग से बिगड़े कार्य बनेंगे, साहस-पराक्रम की वृद्धि, आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**मिथुन** नये-पुराने लोगों से संपर्क बढ़ेगा, सामाजिक प्रभाव का लाभ, रोजी-रोजगार बढ़ेगा।

**कर्क** भौतिक सुख-सुविधा, रचनात्मक कार्य में सफलता, उद्योग-धंधे में सफलता मिलेगी।

**सिंह** रुके हुए काम पूरे होंगे, भूमि-भवन संबंधी समस्याओं का समाधान, आर्थिक लाभ होगा।

**कन्या** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, निर्माण कार्यों में प्रगति, सहयोगियों से अनुकूलता।

**तुला** आरोग्य सुख, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति, आकस्मिक धन लाभ होने का योग है।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, बनते-बनते काम बिगड़ सकता है, मानसिक अशांति होगी।

**धनु** विविध उलझनों का सामना होगा,विरोधियों स्वजनों से कष्ट, व्यय की अधिकता रहेगी।

**मकर** संकल्पित काम पूरे होंगे,यात्रा सफल, आर्थिक लाभ, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कुंभ** घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरम, संतान सुख, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**मीन** आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार में उन्नति होगी। नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

# झासा ने सीएम से केंद्र की तर्ज पर महिला कर्मियों के लिए चाइल्ड केयर लीव मांगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में 17 अप्रैल को झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम और महासचिव राहुल कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संघ की विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा की गयी मागों में इस बात का जिक्र है कि भारत सरकार तथा कई अन्य राज्यों ने अपनी महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव की सुविधा दी है, ताकि महिला कर्मी सम्मान के साथ नौकरी करते हुए अपने पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन कर सकें। हमारे राज्य की महिला कर्मियों को अब तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस प्रगतिशील निर्णय से राज्य की सभी महिला कर्मी सदैव आपके प्रति कृतज्ञ रहेंगी।

### सीएम ने सकारात्मक विचार का दिया आश्वासन

इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष और महासचिव को राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही सकारात्मक विचार किये जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने आश्चर्य दर्शाया कि आखिर अब तक नीति निर्धारकों की नजर महिला अधिकारियों की इस समस्या की तरफ क्यों नहीं गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रंजीता हेंब्रम और राहुल कुमार ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ स्टेट सिविल, एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन जयपुर, राजस्थान द्वारा 24 से 26 मार्च 2023 को आयोजित 16वें कन्वेंशन के मौके पर प्रकाशित की गयी स्मारिका भेंट की।

## संजय तिवारी के वकील ने केस लड़ने से किया इंकार

**रांची।** झारखंड सरकार के मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपित भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी के वकील ने उसका केस लड़ने से इंकार कर दिया है, जबकि उसकी जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होनी थी। वकील का कहना है कि जालसाज का केस हम नहीं लड़ेंगे। इडी तक ऐसी सूचना आयी है। गौरतलब है कि संजय कुमार तिवारी के ठिकाने की छापेमारी से पांच कीमती एसयूवी गाड़ियां बरामद हुईं थीं। सभी गाड़ियों के नंबर फर्जी मिले थे। उसने एनएचएआइ का भी फर्जी पहचान पत्र बनवा रखा था।

# लोबिन हेंब्रम और विजय शंकर नायक ने छात्रों के बंद का किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से 60-40 नियोजन नीति और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के विरोध में झारखंड बंद का झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक लोबिन हेंब्रम और केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने नैतिक रूप से समर्थन किया है। यह जानकारी श्री नायक ने दी। इसके साथ ही उन्होंने समस्त आदिवासी और मूलवासी संगठनों से अपील की है कि वे 19 अप्रैल के झारखंड बंद को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि झारखंडी भावना और झारखंड अलग राज्य के मूल उदेश्यों को नकार कर फेंकने और सपनों को तोड़ने का काम करने वालों को पता चले कि आदिवासी और मूलवासी झारखंडी समाज झारखंडी वीर शहीदों के देखे गये सपनों को कुचलने वाली सरकार को अब चैन से नहीं बैठने देगी। अब अपना हक और अधिकार लेने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड का आदिवासी और मूलवासी समाज इस नीति के विरुद्ध काफी गंभीर है। आज सरकार और पुलिस प्रशासन के द्वारा बंद समर्थक को 107 का नोटिस देकर गिरफ्तार किया जाना शर्म का विषय है। यह आक्रोश का बिंदु है। अगर जल्द से जल्द 60-40 नियोजन नीति में बदलाव और खतियान आधारित स्थानीय नीति नहीं लागू की गयी, तो झारखंड बचाओ मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगा।

# रांची एसपी को मानवाधिकार आयोग का समन

**31 मई तक उपस्थित होने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तत्कालीन धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के द्वारा झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और होमगार्ड जवान कृष्णा यादव के साथ गाली-गलौज, मारपीट और फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने रांची एसपी को समन जारी किया है।

आयोग ने उन्हें 31 मई तक उपस्थित होने का निर्देश दिया है। आयोग ने उनसे अब तक की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक को भी दी गयी है और आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। धुर्वा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक नारायण सोरेन द्वारा कथित रूप से फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराने के विरुद्ध राजीव कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करायी थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीआइडी एसपी को यह निर्देश दिया था कि आठ सप्ताह के अंदर कार्रवाई कर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सूचित करें। राजीव कुमार तिवारी के द्वारा उक्त घटना कि शिकायत प्रधानमंत्री से भी की गयी थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा झारखंड सरकार को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। होमगार्ड संघ के महासचिव ने धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पर उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया था। यह जानकारी पीड़ित राजीव तिवारी ने दी है।

# सीएम ने संपादक एमए जफर के निधन पर जताया दुख

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फारुकी तंजीम के संपादक एमए जफर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमए जफर का असामयिक निधन होना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू ने भी जफर के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# ओटीटी को तत्काल रोकें : संजय सेठ

**कहा- बच्चों तक पहुंच रही अश्लील सामग्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत सरकार के सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक दिल्ली में हुई। इसमें ओटीटी प्लेटफॉर्म में परोसी जा रही अश्लीलता को रोकने पर सदस्यों से सुझाव लिये गये। रांची के सांसद संजय सेठ भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ओटीटी में भारतीय मूल्यों को नीचा दिखाने के प्रवृत्ति बढ़ रही है। सांप्रदायिकता को बढ़ा-चढ़ा कर दिखा कर समाज को गलत दिशा में भटकाया जा रहा है। बच्चों के हाथ में ओटीटी बहुत ही आसानी से पहुंच रहा है। चेतावनी होने के बावजूद बच्चे उस हर कंटेंट का उपभोग कर पा रहे हैं, जो उन्हें नहीं करना चाहिए। इसलिए इस पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। सांसद ने कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म का कोई सेंसरशिप नहीं है। इसमें आने वाले कार्यक्रमों और वेब सीरीज में गाली, अप्राकृतिक यौनाचार जैसी चीजों को दिखाया जा रहा है। ओटीटी में परोसे जाने वाले कंटेंट को लेकर कड़े कानून बनने चाहिए। कंटेंट का विश्लेषण करने के बाद ही रिलीज की अनुमति देनी चाहिए, ताकि इससे समाज में संतुलन बना रहे।

## डाक्टर बोले : लू से बचने के लिए लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की जरूरत है

# झारखंड में झुलसाने लगी गर्मी, दो दिन चलेगी लू, येलो अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** झारखंड में धूप का असर दिख रहा है। जमीन तपने लगी है। कई जिले गर्मी की चपेट में आ गये हैं। यही वजह है कि अगले दो दिनों तक राज्य के कई जिलों में लू चलने की संभावना जतायी गयी है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ओर से येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान रहने की नसीहत दी गयी है। इसके तहत उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी और दक्षिणी पूर्वी के विभिन्न जिलों में दो दिनों तक लू चलने की संभावना है। येलो अलर्ट के अनुसार 18 और 19 अप्रैल को राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा, देवघर धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में लू चलने की संभावना जतायी गयी है।

### चार दिनों तक हो सकती है बारिश

आने वाले दिनों में राज्य में मौसम के दो रूप देखने को मिलेंगे। 18-19 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में लू चलने की संभावना जतायी गयी है। वहीं, इसके अगले चार दिनों तक राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्यम भागों में गर्जन के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। मतलब दो दिनों तक लू चलने के बाद राहत मिलेगी।

### अधिकतम तापमान में होगी बढ़ोत्तरी

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना है। इसके बाद अगले दो दिन तक कोई बड़े बदलाव की फिलहाल उम्मीद नहीं है। इधर, बीते 24 घंटों में सबसे अधिक तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज जिले का रहा। सबसे कम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा जिले का रहा।

### खुद को रखें हाइड्रेट

गर्मी से बचने के लिए बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से धूप से बचने की सलाह डॉक्टरों ने दी है। खासकर पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को बचने को कहा गया है, क्योंकि ऐसे लोगों में गर्मी की बीमारी के लक्षणों की संभावना बढ़ जाती है। वहीं लू से बचने के लिए लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की नसीहत दी गयी है। सलाह में कहा गया है कि प्यास ना लगने पर भी पानी पियें। खुद को हाइड्रेट रखें। ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी और छाछ आदि का प्रयोग करें। गर्मी के संपर्क में आने से बचें। हल्के हल्के रंग के ढीले, सूती कपड़े पहनें और सिर को कपड़े, टोपी या छतरी आदि से ढंक कर ही धूप में निकलें।

# झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने की पुलिस लाठीचार्ज की निंदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने की छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की है। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि एक ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान की दुहाई देकर झारखंड के अंदर जोहार यात्रा के माध्यम से लाखों नौजवानों को दिग्भ्रमित कर ठगने का काम किया है। अब जब यहां के नौजवान अपना हक मांग रहे हैं, तो उन्हें पुलिस लाठीचार्ज व कोप भाजन का शिकार होना पड़ रहा है। अजय राय ने कहा कि जब यहां के स्थानीय युवकों को रोजगार के नाम पर खुद सरकार ठगने का काम कर रही है, तो ऐसी परिस्थिति में ये युवा इंसाफ किससे मांगे? अजय राय ने कहा कि लाठी, गोली से यहां आंदोलन रुकने वाला नहीं है। जब तक नियोजन नीति पर सरकार पुर्नविचार नहीं करती, तब तक आंदोलन के सिवा कहीं कोई चारा नहीं। उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने छात्रों पर लाठी बरसाई है, उन्हें तत्काल निलंबित किया जाये।

## मायुमं, प्रेरणा की नयी कमिटी 20 को शपथ लेगी

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया और प्रेरणा शाखा झुमरीतिलैया शाखा की नये सत्र 2023-24 की कमिटि का पदस्थापना समारोह 20 अप्रैल को शिववाटिका में आयोजित होगा। इस संबंध में दोनों शाखाओं की संयुक्त बैठक हुयी। बैठक में मायूम के अध्यक्ष राज पचीसिया सचिव आशीष जोशी, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लडढा व पूर्व अयध्यक्ष काजल गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थी। निर्णय लिया कि इस पदस्थापना समोराह में प्रांतीय अध्यक्ष अरूण गुप्ता, महामंत्री सार्थक अग्रवाल, प्रातीय सहायक मंत्री अखिल सरावगी प्रांतीय मंडल का उपाध्यक्ष वीनिता सिंघानिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। मौके पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लडढा, परियोजना निर्देशक कागज गुप्ता, ममता बंसल ने कहा कि गर्मी को पानी को अमृत के सामान माना जाता है। पक्षियों को तपती गर्मी में पानी के लिए भटना पडता है। प्रेरणा शाखा का यह प्रयास है कि घरों के आस पास मिलने वाले परिंदों की प्यास बुझाने में आम आवाम जुडे और छतों पर एक बर्तन में एक पानी रखें। 20 अप्रैल को मयूम के एवं प्रेरणा शाखा अस्थायी पियाऊ केंद्र घड़ा लगाने और पानी पीने की शुरूआत करेंगे।

## महिलाओं ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को जहर खा कर दो महिलाओं ने आत्महत्या की कोशिश की। सतगावां में एक महिला ने घरेलू विवाद को लेकर जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की जिसकी पहचान नेहा कुमारी (उम्र 23 पति जितेंद्र शर्मा ग्राम खुट्टा) के रूप में हुयी है। जहर खाने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में बरही थाना अंतर्गत हथगढ़ा मे जहर खाकर एक महिला ने आत्महत्या की कोशिश की। जयंती देवी (उम्र 28 पिता गौतम कुमार ग्राम हथगढ़ा, बरही) ने घर में झगड़ा के बाद जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद परिजनों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## बस की चपेट में आने से युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत झुमरी में सोमवार को दोपहर 12 बजे अनियंत्रित बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान झुमरी निवासी रमेश यादव (उम्र 35 वर्ष, पिता रोहन यादव) के रूप में हुयी है। जानकारी के अनुसार रमेश यादव अपनी मोटरसाइकिल से झुमरीतिलैया की ओर से अपने घर की तरफ आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से रही बस अरमान संख्या जेएच 21 एम 5279 ने अनियंत्रित होकर उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिस से वे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल रमेश को ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुयी। अध्यक्षता केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने की। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व के बैठक में लिये गये निर्णयों की कार्यवाही की समीक्षा किया गया। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि मानव दिवस का सृजन बढ़ाना है ताकि गांव, पंचायत के ग्रामीण रोजगार से जुड़े रहें। निदेश दिया गया कि महिला के साथ-साथ पुरुषों का भी समूह बनाना सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसका ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार जहां जरूरत है ऐसे प्रस्तावों को तैयार करते हुए सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवास निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। जिले में संचालित जलापूर्ति योजना पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित हर घर नल योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को जलापुर्ति करने का निदेश दिया। नगर प्रशासक झुमरी तिलैया नगर परिषद्, नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर को प्राथमिकता के आधार पर जिनको ज्यादा आवश्यकता हो उन्हें ही आवास योजना का लाभ मिले। इसके अतिरिक्त सांसद ने दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का कैंप के माध्यम से निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने जिला पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कैलेंडर का विमोचन किया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद समेत वरीय पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विद्यालय में टीकाकरण का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत विद्यालय परिसर में टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। 5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए इस टीकाकरण अभियान के तहत छात्रों को प्रशिक्षित स्वास्थकर्मियों एएनएम, सहिया तथा सेविकाओं के द्वारा टिका लगाया गया। इस टीकाकरण अभियान में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने अभिवावकों के साथ टिका लेने विद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने टीकाकरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस जानलेवा बीमारी को रोकने के लिए किए जा रहे इस टीकाकरण से इस बीमारी के रोकथाम में मदद मिलेगी। निगरानी चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ दीपक कुमार ने कहा कि टीका बच्चों के लिए सुरक्षित है तथा 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए है। मौके पर जयनगर के सीएससी डॉ विश्वकर्मा गोस्वामी, संयुक्त राष्ट्र बाल निधि (यूनिसेफ) के रीजनल कोऑर्डिनेटर नन्द जी दुबे, सी एच ओ, जयनगर महेश बुनकर के देखरेख में एएनएम पुष्प कुमारी, सुषमा कुमारी, जीवन्ति टोप्पो, ज्योति किरण कुजूर, पुष्प रानी, अष्मिता कुमारी, बबिता तिर्की, सहिया तथा सेविकाओं कंचन देवी, विद्या देवी, मुन्नी देवी, श्रुति देवी, सावित्री देवी, सुधा देवी, अंजू देवी, प्रतिमा, आरती कुमारी, मधुबाला, फुलवा देवी, गिरजा देवी, मनोरमा देवी, आरती देवी के द्वारा विद्यालय में बनाये गए 7 अलग-अलग बूथ में 561 छात्रों का टीकाकरण किया गया। मौके पर ग्रिजली विद्यालय के संयोजक बी डी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, विद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## पर्यटन के क्षेत्र में पीपी मोड से आय वृद्धि की जायेगी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद हेतु एजेंडे पर समिति के सदस्यों के साथ विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किए। समिति के सदस्यों को पर्यटन के क्षेत्र में किये गए विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि कोडरमा जिला अंतर्गत पर्यटन विकास हेतु ली गयी योजनाओं पर के कार्य प्रगति पर है और इनके आधारभूत संरचना के विकास के लिए अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य भी किये जा रहे हैं। तिलैया डैम के सुंदरीकरण से संबंधित योजना की कार्य प्रगति पर भी चर्चा की गयी और कहा गया कि अधूरे कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। ध्वजाधारी धाम के पास दुकान बनाने एवं घोड़सिमर धाम के पास हाट बाजार हेतु स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, सभी प्रमुख एवं अन्य मौजूद थे।

# डीसी ने लंबित म्यूटेशन को निष्पादित करने का दिया आदेश

**राजस्व, कोल कंपनी और एनटीपीसी मामलों को लेकर हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** राजस्व विभाग, कोल कंपनी और एनटीपीसी से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में अंचल कार्यालय स्तर से राजस्व विभाग के कार्यों में तेजी लाने, खासकर जमीन के म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन में विशेष ध्यान देने के लिए अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदनों पर उचित निर्णय लेते हुए मामलों को निष्पादित करने के लिए कहा। इसके अलावा केंद्र व राज्य प्रायोजित परियोजनाओं के लिए भूमि का चिन्हितिकरण, अधिग्रहण, हस्तांतरण को प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रिया को जल्द पूरा करने को कहा। पीएम किसान पोर्टल पर किसानों के आवेदनों का सत्यापन करने को कहा साथ ही पोर्टल के आंकड़ों की त्रुटियों के संदर्भ में स्टेट पोर्टल से समन्वय कर त्रुटियों एवं तकनीकी खामियों का निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया। अवैध जमाबंदी को रद्द करने के लिए अंचलाधिकारियों को अंचल कार्यालय स्तर से स्पष्ट अनुशंसा करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया। एनटीपीसी की बैठक। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना की कोयला परिवहन हेतु ग्रामीणों और एनटीपीसी के बीच हुयी वार्ता तथा विभिन्न शर्तों पर बनी सहमती के विरुद्ध अबतक की कारवाई का विस्तृत रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने कड़े शब्दों में ग्रामीणों व एनटीपीसी के बीच बनी सहमती पर अक्षरशः पालन करने का निर्देश एनटीपीसी के आला अधिकारियों को दिया। इस माह के अंत तक बड़कागांव के बिरहोर आबादी को नव निर्मित कॉलोनी में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के आलावा अपर समाहर्ता राकेश रोशन, एसडीएम विधा भूषण कुमार, एलआरडीसी विनोद कुमार, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, एनटीपीसी के अधिकारी मौजुद थे।

# एनटीपीसी की जागृति महिला संघ ने मनाया वार्षिक उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह और बादम कोयला खनन परियोजना की महिला विंग जागृति महिला संघ के द्वारा वार्षिकोत्सव 2023 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन के बाद माल्यार्पण कर किया। साल भर अपनी उपलब्धियों को दिखाने वाले इस मौके पर परियोजना के तमाम पदाधिकारी एवं उनके परिवार के लोग शामिल मौजूद थे। वार्षिकोत्सव 2023 के मौके पर जागृति महिला संघ की सदस्यों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संगीत, नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। संघ के सदस्यों के अलावा बाल भवन के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिए। इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत के अलावा खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें पुरुष अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि महिला क्लब ने पिछले साल बेहतरीन काम किया है उन्होंने कहा कि वह बात चाहे एचआईवी बच्चों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करने की बात हो या फिर ओल्ड एज होम में मूलभूत जरूरतों को पूरा करने की लेडीज क्लब ने हर मोर्चे पर शानदार काम किया है। उन्होंने कहा शायद इसी का परिणाम है कि संयुक्ता महिला क्लब, नई दिल्ली के द्वारा हमारी लेडीज क्लब को सभी एनटीपीसी परियोजनाओं में बेस्ट प्रो फॉर्मर का खिताब मिला। परियोजना प्रमुख ने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें उन्हें मोबाइल के जगह पर किताब दें। इस मौके मुख्य अतिथि शिवम श्रीवास्तव के अलावा जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव, एनटीपीसी के अधिकारीगण एवं लेडीज क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

# छात्रों के लिए करियर काउंसिलिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प में बावा के तत्वावधान में परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में छात्रों के लिए कैरियर काउन्सलिंग और लीवर डिसीजिज पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली के निदेर्शानुसार ड़ॉ नीरू राणा, बावा अध्यक्षा, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प, हजारीबाग के तत्वावधान में परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में स्कूली छात्रों के लिए कैरियर काउंसिलिंग के साथ साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदर्भ में लीवर में होने वाले रोगों के प्रति जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ बावा सदस्याएं, प्रहरी संगिनियां एवं स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आलोक बंसल, कैरियर काउंसलर के द्वारा वीड़ियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कैरियर काउंसलिंग विषय पर व्याख्यान दिया गया। केन्द्रीय स्कूल बीएसएफ मेरू कैम्प हजारीबाग में अध्ययनरत 9 वीं और 10 वीं क्लास के छात्र छात्राएं और उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान आलोक बंसल के द्वारा छात्रों के कैरियर के चुनाव सें संबंधित विशेष जानकरी दी, उन्होने बताया आज के युग के कैरियर की अपार संभावनाएं हैं, जरूरी है कि छात्र अपनें विषय की रूचि को ध्यान में रखते हुए अपनें कैरियर को चुनें, वहीं अभिभावकों को अपनें बच्चों के उत्साह वर्द्धन एवं उनके सपनों को पूरा करनें में सहयोग करनें को कहा। स्कूली छात्र छात्राएं इस व्याख्यान से लाभान्वित हुए। इसके पश्चात ड़ॉ रमेश कुमार, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरू कैम्प हजारीबाग के द्वारा लीवर में होने वाले रोगो के विषय पर प्रहरी संगिनियों के बीच व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होने लीवर में होने वाले रोगो जैसे नॉन अल्कोहॉलिक फैटी लीवर डिसीज, हेपेटाइटिस ,लीवर सिरोसिसि, बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बावा अध्यक्षा, सीमा सुरक्षा बल, ने अपनें प्रेषित संदेश में कहा कि प्रत्येक महिला को अपने दैनिक कार्यकलापो के साथ साथ स्वयं को स्वस्थय रखनें के लिए एक निश्चित अवधि का व्यायाम व योग करना चाहिए।

## बड़कागांव में लूट का मामला

**बड़कागांव (आजाद सिपाही संवाददाता)।** बैंक से पैसा निकाल कर घर जाने के क्रम में एक ग्रामीण से बड़कागांव प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के समीप लुटेरों द्वारा 85 हजार रुपैया लूट लेने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीण कदमाडिह के पूरण कुमार पिता दिल्लू महतो सोमवार को दोपहर 3.30 बजे बैंक ऑफ इंडिया बड़कागांव से 85 हजार रुपैया निकाल कर अपना घर जा रहा था। इसी बीच दो लूटेरों ने हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल (जेएच 05 ए एक्स 5034) से आया और हमारा थैला छीनकर ब्लॉक मोड़ होते हुए भाग निकला। भुक्तभोगी ने आवेदन देकर बड़कागांव पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

## बड़कागांव में महारुद्र यज्ञ आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम डोकाटांड में श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में पूजा में भाग लेने वाले 25 पुजारी दंपतियों को 15 अप्रैल को विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण करा कर शुद्धीकरण कराया गया। इस अवसर पर मुखिया गणेश साव, महायज्ञ समिति के संयोजक शिव शंकर कुमार साव, अध्यक्ष हरी साव, उपाध्यक्ष बोधन शाह, बिंदु साव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सचिव राजकुमार साहू, उपसचिव दीपन साव, दशरथ साव, कारू साव, बसंत कुमार ठाकुर, सुखदेव कुमार, जनार्दन ठाकुर, सुजीत कुमार, विशाल कुमार, उमेश साव, अखिलेश साहू, राजेश साहू, दयाल साहू, माथुर साह,मुकेश साव, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। इस शुद्धीकरण के बाद गांव में अब मांस मंदिरा पर महायज्ञ आयोजन तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की गयी है। विधि विधान पूजा के दौरान ग्रामीणों द्वारा संकल्प लेते हुये पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखने का संकल्प लिया गया।

## दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के ग्राम किमनियां मोड़ समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा देने जा रहे सनोवार अंसारी पिता कयूम अंसारी, मनीषा कुमारी पिता लक्ष्मण मंडल दोनो ग्राम तुईयो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतों को मिलते ही एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। साथ ही दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार कर दोनों की स्थिति गंभीर देखते हुवे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**19 अप्रैल को जय भारत सत्याग्रह के तहत धरना-प्रदर्शन पर हुआ विचार विमर्श**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार 19 अप्रैल को जय भारत सत्याग्रह के अंतर्गत जिला समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम अमली जामा पहनाने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे संविधान के साथ छेड़छाड़ एवं लोकतंत्र की हत्या को जन-जन पहुंचाने और साम्प्रदायिक पार्टी से गठबंधन साथियों के साथ समन्वय बनाकर लड़ाई तय करनी होगी तब ही संविधान एवं लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की सराहना कि और कहा कि और कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के हम सभी भाईयों को युद्ध स्तर पर काम करना होगा । कार्यक्रम का संचालन महासचिव सदरूल होदा तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव भैया असीम कुमार ने किया। कार्यक्रम में झामुमों के जिला अध्यक्ष शंभू यादव, सीपीआई ( एम) गणेश कुमार सीटू, आरजेडी के जिला अध्यक्ष हिरामन यादव, आरजेडी के युवा अध्यक्ष अयान रजा खान, सीपीआई के नेजाम अंसारी, भाकपा माले के सुधीर यादव, जदयू के प्रभू दयाल कुशवाहा, झामुमो के कमाल कुरैशी, चंदन सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, साजिद हुसैन, दिगम्बर मेहता, लाल बिहारी सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, तसलीम अंसारी, अनिल उपाध्याय, प्रकाश कुमार यादव, बेबी देवी, धीरज कुमार यादव, बाबु खान, संजय यादव, बाबर अंसारी, असगरी अंजूम, गौतम कुमार मेहता, अब्दुल मनान वारसी, मनोज नारायण भगत, सत्यनारायण प्रसाद, अजित कुमार सिंह, नरसिंह प्रजापति, रीतलाल मंडल, ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, निसार खान, संजय गुप्ता, डॉ. प्रकाश कुमार, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, कैलाश पति देव, सुनिल अग्रवाल, कजरू साव, अजय सिंह, शिव नंदन साहू, विजय कुमार सिंह, कृष्णा कुमार सिंह, राम अनुज सिंह, गुड्डू सिंह, बिनोद सिंह के अलावा कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खो-खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर की बहनें बनी चैंपियन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आरपीवाई ग्लोबल स्कूल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर की बहने बनी चैंपियन। प्रतियोगिता में झुमरीतिलैया के विभिन्न विद्यालयों के अंडर 14 की बहने शामिल हुयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहू ने कहा की ईमानदार प्रयास हमेशा रंग लाता है और हमारी बहनों ने इसे आज करके दिखाया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी जी उपस्थित थे। उपस्थित आचार्यों में प्रदीप कुमार, रामानुज पांडे, नीरज कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, विरेंद्र प्रसाद, विजय मिश्रा, संजय कुमार महतो, दीपक कुमार विश्वकर्मा, रानी प्रसाद, श्वेता श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, मुन्ना सिंह, कुमार मुरलीधर, विजय कुमार तिवारी, चंद्रशेखर कुमार, पवन शर्मा, इत्यादि उपस्थित थे। बहनों के प्रशिक्षक के रूप में धीरज कुमार पांडे व अर्चना सिन्हा थे। प्राचार्य साहू ने इन प्रशिक्षक आचार्यों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

## मालाकार समाज के जिला अध्यक्ष ने बिना दहेज के पुत्र की शादी की

**चरही (आजाद सिपाही)।** वर्तमान समय में जहां दहेज रूपी सुरसा राक्षसी विकराल मुंह फाड़े जा रही है। दहेज के कारण बेटी के जन्म पर खुशियां नहीं मनाते हैं। वहीं माली मालाकार समाज, आदर्श ग्राम जरबा ( हजारीबाग) के अध्यक्ष महेंद्र कुमार माली अपने ज्येष्ठ पुत्र प्रेमराज का विवाह पतरातू , रामगढ़ निवासी श्री राकेश मालाकार के ज्येष्ठ सुपुत्री कोमल कुमारी से दहेज मुक्त विवाह करा रहे हैं। इस विवाह की खाश बात है कि दहेज मुक्त विवाह संपन्न होगा। महेंद्र कुमार माली का यह कदम सराहनीय एवं अनुकरणीय है। अक्सर समाज की बैठकों में दहेज मुक्त विवाह पर विचार प्रस्तुत करते हैं। लेकिन समय आने पर दहेज में मोटी रकम लेते हैं। आज कथनी और करनी दोनों को साबित कर दिए हैं। साथ ही आदर्श ग्राम की आदर्शता को बरकरार रखें हैं। इसके साथ वर-वधू के सुखमय वैवाहिक जीवन की मंगलमय कामना के साथ आशीर्वाद पात्र हैं।

## जिला अध्यक्ष के प्रयास से पारिवारिक विवाद सुलझा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने नगवां और चुरचू गांव में बैठक कर वर्षों से चल रहे एक पारिवारिक विवाद को समझा-बुझाकर समाप्त कराया। प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी से सूचना पाकर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपने कुछ महिला सदस्यों को लेकर गांव पहुंचकर मुखिया विनय कुमार, सोहर पासवान, दिनेश पासवान, सुरेश पासवान से सहयोग लेकर दोनों पक्षों को सुना एवं समझा-बुझाकर दोनों को मिलाया और परिवार टूटने से बचाया। खुशबू कुमारी की तत्परता और सूझबूझ के लिए ग्राम वासियों ने पूरी टीम को बधायी एवं धन्यवाद दिया। मौके पर कंचन देवी, कुंती देवी, गुजरी देवी, सरिता देवी, यशोदा देवी, मुनिया देवी ने सहयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एबीवीपी ने वृद्धाश्रम में फल और कपड़े वितरित किये



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जीएम कॉलेज हजारीबाग इकाई के द्वारा स्थानीय दिपुगढ़ा हजारीबाग वृद्धा आश्रम में फल और कपड़े वितरित किया। इस दौरान जिला सह संयोजक मनदीप यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वैसे सभी जरूरतमंद जगह जाकर लोगो के बीच सेवा कार्य करती है। अभाविप के कार्यकर्ता आगे भी यहां आकर इन बुजुर्गों की मदद करते रहेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। जीएम कॉलेज इकाई अध्यक्ष आशीष पांडेय ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। मौके पर विभाग संयोजक दीपक देवराज, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, जीएम कॉलेज इकाई अध्यक्ष आशीष पांडेय, अनुराग कुमार, रिया गुप्ता, दीपक राज, मीनाक्षी कुमारी, निशांत सिंह, खुशबू कुमारी, रंगीला कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।


पेज 1 का शेष...


## कैबिनेट के अन्य फैसले

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए स्टेट टॉप-अप योजना के तहत 12.99 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की स्वीकृति और संशोधित बजट 2.45 करोड़ व्यय के लिए मंजूरी दी गयी।
- 2022-23 में धान अधिप्राप्ति योजनांतर्गत झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय हेतु बैंक से 776 करोड़ रुपये का ऋण लेने पर राज्य सरकार की गारंटी दिये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद् नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- राज्यांतर्गत सभी सरकारी एवं निजी नर्सिंग संस्थानों के लिए झारखंड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन नियमावली, 2023 की स्वीकृति दी गयी।
- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नौ एवं 10 अगस्त, 2022 को झारखंड जनजातीय महोत्सव के आयोजन के लिए मनोनीत इवेंट मैनेजर और महोत्सव पर हुए खर्च के लिए 5.32 करोड़ भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 यथा संशोधित झारखंड सचिवालय सेवा (संशोधन) नियमावली 2021 के नियम-7 (3) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झाप्रसे अधिकारी और तत्कालीन बीडीओ हुसैनाबाद को दिये गये अधिरोपित संचयात्मक प्रभाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक के दंड को यथावत रखने की स्वीकृति दी गयी।
- अंतरराज्यीय बस पड़ाव, जमशेदपुर का लोक निजी भागीदारी प्रणाली के तहत विकास हेतु तैयार ड्राफ्ट की प्रशासनिक स्वीकृति।
- अंतरराज्यीय बस पड़ाव, रांची का लोक निजी भागीदारी प्रणाली के तहत विकास हेतु ड्राफ्ट की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड को झारखंड राज्य एनसीसी से संबंधित सभी गतिविधियों के निष्पादन हेतु राज्य एनसीसी सेल को घोषित करने की स्वीकृति दी गयी।
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अंतर्गत रोगी धनंजय कुमार सिंह, पिता- राम सुंदर सिंह, ग्राम बागबेड़ा, जमशेदपुर को कैंसर रोग के इलाज हेतु निर्धारित सीमा से अधिक राशि प्रदान करने के मामले में मंत्रिमंडल की अनुशंसा प्राप्त कर विभाग द्वारा स्वीकृति।
- झारखंड अवर अभियंत्रण संवर्ग (कनीय अभियंता, सिविल /इलेक्ट्रिक/यांत्रिक) सेवा (संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति।
- न्यायाधीशों के सहयोग के लिए विधि अनुसंधानकर्ता/अनुसंधान सहयोगी के मौजूदा मासिक मानदेय 30 हजार रुपये में वृद्धि करते हुए 40 हजार रुपये स्वीकृत करने की मंजूरी।
- झारखंड राज्य समन्वय समिति के माननीय सदस्य का नाम विनोद पांडेय के स्थान पर विनोद कुमार पांडेय संशोधित किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड विधान सभा सचिवालय में नियुक्तियों एवं प्रोन्नतियों में बरती गयी अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन में समाहित जटिल विधि एवं तथ्यों के समाधान हेतु गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की एक साल का अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## यामाहा के दो मॉडलों की हुई लांचिंग, लोगों ने बोला-यामाहा की तकनीक है सबसे उम्दा

# ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम ग्राहकों की सुरक्षा में कारगर कदम है: विजय मेवाड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** यामाहा मोटर कंपनी के अधिकृत शोरूम शिवम बाइक्स में सोमवार को दो मॉडलों का नये बाइकों की लॉन्च किया गया। जिसमे, एफजेडएस और एफजेडएक्स को नई तकनीक के साथ नये रंग में उतारा गया। इन दोनों मॉडलों का लॉन्च स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक राहुल कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सेवा) जावेद आलम, क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक मो शादमान व अधिकृत विक्रेता विजय मेवाड़ ने संयुक्त रूप से पर्दा उठाकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि राहुल कुमार ने बताया मैं खुद यामाहा का मुरीद हूँ। मेरा मानना है, यामाहा की तकनीक को सबसे उम्दा माना जाता है। इसलिए यामाहा पर ग्राहकों का गहरा विश्वास है। सहायक महाप्रधक (सेवा) जावेद आलम ने कहा यामाहा के बीएस 6 के इस नये मॉडल में इथेनॉल को मिश्रित करने की विधि समाहित की गई है। इस विधि को अपनाने वाली देश की यह पहली कंपनी है। विक्रय सहायक प्रबंधक मो शादमान ने कहा इन माडलों में अपनाई नई तकनीक में ड्यूल सेंसर और इथेनॉल मिश्रित करने की विधि से प्रदूषण पर करारी मार पड़ेगी।

### ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम

### ग्राहकों की सुरक्षा में कारगर कदम है : विजय मेवाड़

अधिकृत विक्रेता विजय मेवाड़ ने बताया बी एस 6 के इस वर्जन से प्रदूषण घटेगा और ग्राहकों का पैसा भी बचेगा। इन माडलों में लगाया गया ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम ग्राहकों की सुरक्षा में कारगर कदम है। इससे पहिये के स्लिप करने पर नियंत्रण लग जायेगा और ग्राहक दुर्घटना से बच जायेगा, इसीलिए कहा जाता है, यामाहा हमेशा एक कदम आगे चलती है।

### विक्रेताओं ने रखी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया

इस अवसर पर सकलदीप मुंडा एक स्ट्रीट रैली स्कूटर और धनंजय कुमार को मोटर बाइक एमटी 15 मुहैया कराई गई। समारोह में मौजूद पूर्व के विक्रेताओं में विजय मेहता ने बताया मैं प्रतिदिन लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करता हूं लेकिन पिछले पांच वर्षों में मुझे कभी कोई परेशानी नहीं आयी। मैं यामाहा की तकनीक सबसे बेहतरीन है। वहज, युवा ग्राहक अंकुर साव ने यामाहा की खूबियों की जमकर तारीफ की। यामाहा की स्पोर्टी बाइक चलाने में बहुत मजा आता है। केक काट कर खुशियां मनाई गई और मौजूद हर ग्राहक को उपहार भी दिया गया। इस दौरान अभिजीत कुमार, मनोज कुमार, पिंटू कुमार, ऋषि कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

# रामगढ़ में ससंस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, रात भर झूमे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भीम आर्मी के तत्वावधान में शहर के ब्लॉक स्थित नायक टोला में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता अनिल नायक, विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद सीता देवी ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने गीत, संगीत, नृत्य एवं नाटक पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री नायक ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर जी ने भारत को संविधान दिया, जिस संविधान से आज देश चल रहा है। उन्होंने संविधान में सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिया। दलित, पिछड़ा, आदिवासी और महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया। बाबा साहब की जयंती पूरे विश्व में मनाई जाती है और बाबा साहब को 9 भाषाओं का ज्ञान होने के साथ-साथ 32 डिग्रियां थी, इसलिए बाबा साहब अंबेडकर को सिंबल ऑफ नॉलेज कहा जाता है। वहीं, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद वार्ड सीता देवी ने कहा कि बाबा साहब की ही देन है कि हम महिलाएं भी बराबरी में खड़े हैं और उन्हीं की संविधान की देन है कि आज मैं वार्ड वार्ड पार्षद का चुनाव जीतकर पार्षद बनी। जबकि कार्यक्रम के संयोजक विनोद नायक ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से यहां पर कार्यक्रम किया जा रहा है और आने वाले जीवन काल तक बाबा साहब के जयंती पर यह कार्यक्रम होता रहेगा। कार्यक्रम के समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### ये थे उपस्थित

मुख्य रूप से भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष सोनू नायक, सागर नायक, अनिल नायक, सनी नायक, गणेश नायक, पीडी अग्रवाल, बिट्टू यादव, वीरेंद्र दास, विक्की नायक, आशीष नायक, अमन नायक, नागेश्वर नायक, ऋषि नायक, मोहन नायक आदि उपस्थित थे।

# जिला गंगा समिति की बैठक में डीडीसी ने दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय ब्लॉक बी के डीडीसी कार्यालय कक्ष में सोमवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान बैठक में डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि 16 से 31 मार्च तक नमामि गंगे योजना के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। डीडीसी ने 16 से 31 मार्च तक किये गए कार्यक्रमों के संबंध में के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार से जानकारी ली, इस संबंध में उन्होंने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विभिन्न कार्यक्रमो यथा नुक्कड़ नाटक, गंगा आरती, श्रमदान, रंगोली, विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन योजनाबद्ध तरीके से करने के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

डीडीसी ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार को गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता कार्यक्रमों में सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़, प्राचार्य रामगढ़ कॉलेज, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

# डॉ. एचके सिंह को धमकी और जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** मांडू प्रखंड के रउता स्थित डॉ. एचके सिंह की जमीन पर अवैध कब्जा और उन्हें धमकी देने मामले को ले सोमवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया अजय पासवान ने किया। बैठक में भुरकुंडा सहित आसपास के जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध लोग मौजूद रहें। बैठक के दौरान मामले पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ. एचके सिंह से जमीन और पूरे मामले से संबंधित दस्तावेजों के साथ संबंधित अधिकारियों से मिलकर कानूनी तरीके से जमीन को कब्जा मुक्त कराया जायेगा। साथ ही जान से मारने की धमकी देने वाले पर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। बताया गया कि मामले के संबंध में रामगढ़ एसपी को डॉ. एचके सिन्हा ने आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसमे डॉ. एचके सिंह की ओर से कहा गया है कि रउता में उनकी पत्नी ममता सिंह के नाम पर वर्ष 2010 में सात डिसमिल जमीन उन्होंने दिनेश कुमार भगत से खरीदा है। इधर बगल के दबंग कारू सिंह ने अवैध तरीके से जमीन के कुछ हिस्से पर निर्माण करा दिया है। जब कब्जा हटाने को कहा गया कि तो उसने जान से मारने की धमकी दी। मामले पर भुरकुंडा के लोगों में भारी नाराजगी है। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने कहा कि भुरकुंडा सहित सीसीएल बरका-सयाल के लोग डॉ. एचके सिंह के साथ हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सभी एकजुटता के साथ खड़े रहेंगे। मौके पर भुरकुंडा पंचायत समिति सदस्य दीपक भुईयां, उप मुखिया संजीत राम, प्रह्लाद पांडेय, अजीत मंडल, राजेंद्र करमाली, रोशन पासवान, दीपक कुमार, आजाद भुईयां, विजय पासवान, सुनील करमाली, भोला राम, विजय सिंह, फिरदौस अंसारी, मुमताज अंसारी, संतोष कुमार, शंकर राम, रियाज खान सहित कई मौजूद थें।

# खड़े ट्रेलर में बस ने मारी टक्कर, दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू ।** रांची - पटना मुख्य मार्ग फोरलेन सड़क स्थित मुरपा में सोमवार की दोपहर करीब एक बजे सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर को सवारियों से भरी यात्री बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना इतनी जोरदार थी कि बस ट्रेलर के पिछले हिस्से में बुरी तरह घुस गयी। सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर है, वहीं दर्जनों लोग घायल है। हादसे में सौंदा डी भुरकुंडा निवासी प्रमोद श्रीवास्तव( 47 वर्ष) पिता रामावतार श्रीवास्तव की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने इलाज के लिए जाते वक्त दम तोड़ दिया। वही, घायलों में झुमरा हजारीबाग निवासी सविता देवी पति केदार राम, हजारीबाग निवासी नूरजहां, समेत आधे दर्जन से अधिक लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रही गोलू यात्री बस संख्या जेएच02एक्यू-5753 ने कुछ देर पूर्व, चालक द्वारा पानी लेने के लिए सड़क किनारे खड़ी की गई ट्रेलर संख्या जेएच 02 एएच-1561 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा ट्रेलर में बुरी तरह जाकर फंस गया। वही, इस घटना में प्रमोद कुमार श्रीवास्तव का पैर पूरी तरह फंस गया। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से उसे निकालने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन विफल रहा। जिससे युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वही, मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची कुजू पुलिस टीम की तत्परता एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन बस में घायल यात्रियों को निकालकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के कारण फोरलेन सड़क पूरी तरह से जाम हो गयी। बाद में पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर सड़क को सूचारू रूप से आवागमन के लिए चालू कराया गया।

### यात्रियों की चीख-पुकार से माहौल हुआ दर्दनाक

बस की जोरदार टक्कर की आवाज के बाद घायल यात्रियों के चीख-पुकार से पूरा मुरपा क्षेत्र दर्दनाक हो उठा। यात्रियों के चीख पुकार से सड़क के आसपास रहने वाले लोगों का हुजूम घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा। दुर्घटना की भयावहता देख एकबारगी लोगों के रोम रोम में खौफ की सिरहन दौड़ पड़ी। आनन-फानन में लोग बचाव के लिए भरपूर प्रयास करते दिखे।

# कैथा मंडा पूजा संपन्न, मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य हुआ शुभारंभ





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 के कैथा में भक्तिमय माहौल में सादगी पूर्ण तरीके से मंडा पूजा संपन्न हुआ। मंडा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनिता चौधरी उपस्थित हुई। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि मंडा पूजा में भगवान शिव की पूजा अर्चना होती है। भगवान शिव के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं आयोजन समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि प्रतिवर्ष कैथा मंडा पूजा हर्षोल्लास के होता है इस वर्ष मंडा पूजा सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया है।

### सांसद और विधायक के प्रयास से मंदिर का जीर्णोद्धार का किया गया शुभारंभ

इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विधायक सुनिता चौधरी ने मंदिर का जीर्णोद्धार संयुक्त रूप से शुभारंभ होगा। इस अवसर पर विधायक सुनिता चौधरी के करकमलों से कैथा महादेव मंडा का जीर्णोद्धार का शुभारंभ हुआ।

### ये थे उपस्थित

इस अवसर राजेश महतो, छतरधारी महतो, शक्ति महतो, सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, कौलेश्वर महतो, सुकर महतो, चुन्नीलाल महतो, गणेश महतो, ईश्वर ओहदार, बालदेव महतो, बहाली ओहदार, संजय करमाली, डिया महतो, प्रकाश महतो, रूपेंद्र महतो, शोभनाथ महतो, संजय महतो, अजय आस्था, संतोष महतो, विजय रविदास, बाबूलाल महतो, टीकमचंद महतो, खैंटा महतो आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने तीन चोरी बाइक के साथ चार चोरों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज पुलिस ने चोरी के तीन मोटरसाइकिल के साथ चार चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में सुजीत चौधरी, दिलीप चौधरी दोनों पिता परमेश्वर चौधरी ग्राम केदली (बिहारी) राजेश चौधरी उर्फ गोलू चौधरी पिता प्रदीप चौधरी और अवधेश कुमार पिता भिखारी महतो ग्राम कोवना सभी हंटरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सोमवार को एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी की इंटरगंज थाना अंतर्गत कई क्षेत्रों में लोग चोरी का मोटरसाइकिल प्रयोग कर रहे हैं। जिसके आधार पर वरीय पदाधिकारी के आदेश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए ग्राम केदली से चोरी का दो मोटरसाइकल एवं ग्राम को बना से चोरी का एक मोटरसाइकल को बरामद किया और चोरी का मोटरसाइकल प्रयोग करने वाले अभियुको को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया तथा उनके निशानदेही पर चोरी के मोटरसाइकिल का खरीद बिक्री करने वाले अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया है। एक काला नीला रंग का ग्लेमर मोटरसाइकल बिना नंबर प्लेट का, एक काला सिल्वर रंग हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकल और एक काला नीला रंग का मोटरसाइकल जिस पर जेएच 1136 3517 नंबर प्लेट लगा हुआ है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय, एसआई कृष्णा कुमार, अनंत साह, एएसआई सोमारू राम सहित थाना के सत्र बल शामिल थे।

## अवैध कोयला लदीदो मारुति वैन को किया जब्त

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू पुलिस ने रविवार रात में टोकीसूद वन क्षेत्र में अवैध कच्चा कोयला लदा दो मारुति वैन को जप्त किया है। जिसका नंबर बीआर 00991 और jh01q 9550 है। पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि अवैध कोयला कारोबारियों के विरोध छापामारी कर 02 मारुति वैन पर लदे करीब 02 टन अवैध कच्चा कोयला लदा हुयी है, जिसे पुलिस जप्त कर थाना ले आयी है। इस कांड में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुयी है । पुलिस द्वारा अग्रिम कारवाई की जा रही है। अवैध कोयला छापामारी दल में एएसआई निवास सिंह व पतरातू पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

## अग्निशमन पदाधिकारी ने डीसी से मिल कर अग्नि सेवा सप्ताह स्टिकर और पंपलेट किया भेंट



**चतरा (आजाद सिपाही)।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अबु इमरान से अग्निशामक पदाधिकारी नरेश सिंह मुंडा ने मुलाकात कर अग्निशमन सेवा सप्ताह हेतु स्टिकर और पाम्पलेट भेंट किया। अधिक जानकारी देते हुये मुंडा ने बताया कि बीते 14 अप्रैल 1944 में 66 दमकल कर्मी मुम्बई बंदरगाह में मालवाहक आगजनी हादसे में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्ही शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देते हुए 14 को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है तथा 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकांडों की रोकथाम और उससे होने वाली क्षति से बचाव के प्रति जागरूक करना है। इस सप्ताह के दौरान फायर ब्रिगेड द्वारा विभिन्न संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव संबंधी विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक किया जाता है उक्त मौके पर प्रधान अग्नि चालक समेत अन्य अग्निशमन कर्मी उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने किया शिवपुर स्टेशन का निरीक्षण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड वासियों द्वारा पैसेंजर ट्रेन चलाने को लेकर वर्षों से की जा रही मांग अब जल्द हीं पूरी होने की बातें कही जा रही है। इस बावत सोमवार को धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारियों ने टोरी से शिवपुर तक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। इधर स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास व कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा समेत अन्य ने मौजूद अधिकारियों को गुलदस्ता व पौधा भेंट कर स्वागत किया। वहीं निरीक्षक टीम में मौजूद सीनियर परिचालन प्रबंधक सुरुचि सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पैसेंजर ट्रेन के परिचालन से संबंधित विषयों पर चर्चा किया। वहीं लोगों से श्रीमती सिंह ने कहा कि शिवपुर से टोरी तक बहुत जल्द पैसेंजर ट्रेन की सेवा शुरू की जायेगी। विदित हो कि पिछले पांच वर्षों से उक्त रेलवे रुट पर मालगाड़ी में का परिचालन लगातार हो रहा था जिसपर पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग को लेकर स्थानीय सांसद व विधायक ने काफी प्रयास किए हैं। इस मौके पर यातायात मंडल बरकाकाना कुमार अंकित मंडल, डीएएन हंस राज मीना, टोरी शिवपुर टीआई संजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि रामेश्वर राणा, अक्षयवट पांडेय, अजय गुप्ता, अरविंद सिंह, गणेश सिंह, खुर्शीद अंसारी, मंसूर मियां समेत अन्य लोग मौजूद थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार टोरी से शिवपुर तक कुल सात रेलवे स्टेशन बनाये जायेंगे। जिनमें कुसमाही, बीराटोली, बालूमाथ, बुकरू, फुलबसिया, शिवपुर व मनातू का नाम शामिल हैं ।

## वेलफेयर सदस्यों के दल ने कॉलोनी और अस्पताल का किया निरीक्षण



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय रांची से वेल्फेयर बोर्ड के सदस्यों ने केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना आवासीय परिसर क्षेत्र एवम केंद्रीय कर्मशाला अस्पताल नया नगर बरकाकाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान वेलफेयर बोर्ड के सदस्य आशीष व विक्की कुमार की अगुवाई में आवासीय परिसर क्षेत्र के गंदी नालियों सहित अन्य खामियों पर विशेष ध्यान दिया। वही अस्पताल में पीने का पानी उपलब्ध नहीं रहने के साथ साथ अन्य खामियों पर प्रकाश डाला। निरीक्षण के दौरान विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आवासीय परिसर व अस्पताल सहित कई अन्य बातों से अवगत कराया जिसके उपरांत रांची मुख्यालय की टीम ने जल्द से जल्द सभी खामियों को दुरुस्त करने की बात कही। मौके पर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक आर के सिंह, एसओसी आर के सिन्हा, एसओपी एस सी मंगल, कुमार अंकित, रवि सिंह, भारतीय मजदूर संघ श्रमिक संगठन के पदाधिकारी एस एन सिंह, प्रदीप धर, मनोज पांडेय, विनय गुप्ता, सीआईटीयू के खिरोधर महतो, लखन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मांडू थाना पुलिस ने अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तहार



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू पुलिस ने लंबे समय से फरार कांड के अभियुक्त के घर पर इश्तहार चिपकाया गया है। इश्तहार कोर्ट के आदेश पर चिपकाया गया है। पुलिस ने यह कार्यवाई अभियुक्त के जमशेदपुर में स्थित आवास पर कार्यवाई की है। मांडू थाना में पदस्थापित जमादार आरके सिंह ने बताया कि मांडू थाना कांड संख्या 171/2021 धारा 384/420 के अभियुक्त प्रणय सिंह लंबे समय से फरार चल रहा है। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर जमशेदपुर स्थित आवास पर इश्तहार चिपकाया गया है। इसके बाद भी अभियुक्त कोर्ट में सरेंडर नही करता है तो आगे की कार्यवाई की जायेगी।

# प्रयागराज में डॉन अतीक और अशरफ की हत्या, उठ रहे सवाल

उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर अतीक अहमद और अशरफ अहमद की हत्या के बाद उस अध्याय को समाप्त माना जा सकता है, जिसकी शुरुआत प्रयागराज में दिन-दहाड़े राजू पाल हत्याकांड के सरकारी गवाह उमेश पाल की हत्या से हुई थी। उमेश पाल को जिस तरह से अतीक अहमद के एक बेटे असद और उसके लोगों ने मौत के घाट उतारा, उसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने ठीक ही अपने लिए एक चुनौती माना। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के सवालों के जवाब में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दृढ़ संकल्प के साथ कहा था कि हम माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। इसके बाद से तय माना जा रहा था कि पुलिस और प्रशासन की ओर से ऐसी कार्रवाई होगी, जिसे प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिहाज से एक बड़े संदेश के रूप में लिया जा सकेगा। और, जिस तरह से असद और उसका सहयोगी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया, उससे यह संदेश तो जरूर गया कि यूपी में पुलिस और प्रशासन को चुनौती देकर बचे रहना नामुमकिन सा है। शायद यही संदेश यूपी सरकार देना भी चाहती थी। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। इस मामले में पुलिस एनकाउंटर की सच्चाई से जुड़े पहलुओं की अभी जांच चल रही है, इसलिए उस बारे में कोई सवाल न किया जाए तब भी इतना तो है ही कि उसे (असद को) कानून के दायरे में नहीं लाया जा सका। वहीं, शनिवार रात हुई अतीक और अशरफ की हत्या सौ फीसदी पुलिस की नाकामी कही जाएगी। दोनों की हत्या उस वक्त हुई, जब पुलिस उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए हॉस्पिटल लेकर जा रही थी। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में तीन लोग आए और बहुत करीब से अतीक और अशरफ पर गोलियां चलाईं, जिसमें दोनों की जान चली गई। यह पुलिस की बड़ी असफलता है। वैसे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुरंत ही इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। आशा है कि इस जांच से अतीक और अशरफ की सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक का पता चलेगा और अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसे सजा भी मिलेगी। एक और बात है कि अतीक और अशरफ की हत्या पर सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं के बयान से गलत संदेश जा रहा है। उनकी बातों से लग रहा है कि वे इस हत्या को अपराधियों को चाहे जैसे भी दंड मिला वाली बात से जोड़कर देख रहे हैं। इससे विपक्षी दलों को भी इस हत्याकांड को तूल देने का मौका मिल गया है। क्या यह सही नहीं होता कि कानूनी प्रक्रिया के तहत अतीक और उसके भाई अशरफ को सजा मिलती? अगर ऐसा होता तो लोगों की न्याय व्यवस्था पर आस्था और बढ़ती!

**माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में मौत ने कई सवाल खड़े किए हैं। यूपी में पुलिस हिरासत में मौत 100 परसेंट उसकी नाकामी है। पुलिस की मौजूदगी में तीन लोग आते हैं और दनादन गोलियां बरसाते हुए माफिया और उसके भाई को मौत के घाट उतार देते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन के माध्यम से जारी सूची में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। परंतु, आश्चर्य तो इस बात पर है कि लगातार आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक समस्याओं से जूझ रहा पाकिस्तान इस सूची में 103वें स्थान पर है। इस आकलन के अनुसार, क्या पाकिस्तान के नागरिक, भारत के नागरिकों की अपेक्षा अधिक प्रसन्न हैं? इसी प्रकार, इस सूची में चीन को 64वां, नेपाल को 78वां, बांग्लादेश को 118वां एवं श्रीलंका को 112वां स्थान दिया गया है।**

# वैश्विक खुशहाली सूचकांक 2023 में कई बुनियादी गलतियां नजर आती हैं



**प्रह्लाद सबनानी**



अभी हाल ही में वर्ष 2023 के लिए वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन (ग्लोबल हप्पीनेस रिपोर्ट 2023) जारी किया गया है। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन को 150 से अधिक देशों का विभिन बिंदुओं पर सर्वे करने के उपरांत, संयुक्त राष्ट्र दीर्घकालिक विकास समाधान तंत्र द्वारा प्रकाशित किया जाता है। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन को अंतिम रूप देने के पूर्व, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहयोग, भ्रष्टाचार का स्तर, समाज में नागरिकों के बीच आपसी सदाशयता एवं निर्णय लेने की स्वतंत्रता जैसे बिंदुओं पर विभिन्न देशों का आकलन किया जाता है। फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन एवं नॉर्वे जैसे छोटे छोटे देश जिनकी जनसंख्या तुलनात्मक रूप से बहुत कम रहती है, इस सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं। उक्त सर्वे के अनुसार सबसे अधिक प्रसन्न देश, फिनलैंड में केवल 55 लाख नागरिक निवास करते हैं, डेनमार्क में 58.6 लाख लोग रहते हैं एवं आइसलैंड में तो महज 3.73 लाख नागरिक ही निवास करते हैं। इसके विपरीत भारत के अकेले मुम्बई, दिल्ली, कोलकता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद जैसे शहरों की जनसंख्या इन देशों की उक्त वर्णित जनसंख्या से कई गुना अधिक है। वैसे विश्व के विभिन्न देशों के नागरिकों की प्रसन्नता को एक जैसे 6 अथवा 7 बिंदुओं पर सर्वे करते हुए नहीं आंका जा सकता है। क्योंकि, प्रत्येक देश के नागरिकों में खुशी अथवा गम की अवस्था अलग-अलग कारकों एवं कारणों के चलते भिन्न-भिन्न होती है।

**वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन के माध्यम से जारी सूची में शीर्ष 20 देशों में एशिया का कोई भी देश शामिल नहीं है।**

वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन के माध्यम से जारी सूची में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। परंतु, आश्चर्य तो इस बात पर है कि लगातार आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक समस्याओं से जूझ रहा पाकिस्तान इस सूची में 103वें स्थान पर है। इस आकलन के अनुसार, क्या पाकिस्तान के नागरिक, भारत के नागरिकों की अपेक्षा अधिक प्रसन्न हैं? इसी प्रकार, इस सूची में चीन को 64वां, नेपाल को 78वां, बांग्लादेश को 118वां एवं श्रीलंका को 112वां स्थान दिया गया है। जबकि, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं नेपाल भी लगातार आर्थिक समस्याओं से जूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन के माध्यम से जारी सूची में शीर्ष 20 देशों में एशिया का कोई भी देश शामिल नहीं है। अर्थात, केवल यूरोपीय देशों के नागरिक ही प्रसन्न रहते हैं, जबकि एशिया से चीन विश्व की दूसरी, जापान विश्व की तीसरी एवं भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अर्थात, विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में तीन एशिया के देश हैं, परंतु फिर भी एशिया के नागरिक प्रसन्न नहीं हैं? उक्त वैश्विक प्रसन्नता प्रतिवेदन को अंतिम रूप दिए जाते समय सम्भवतः कुछ बुनियादी गलतियां हुई होंगी, ऐसा आभास होता है। क्योंकि, उक्त सर्वे के साथ ही इसी संदर्भ में तीन अन्य सर्वे भी जारी हुए हैं, जिनके परिणामों में भारतीय नागरिकों को बहुत प्रसन्न बताया गया है।

**क्या केवल यूरोपीय देशों के नागरिक ही प्रसन्न रहते हैं, जबकि एशिया से चीन विश्व की दूसरी, जापान विश्व की तीसरी एवं भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अर्थात, विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में तीन एशिया के देश हैं, परंतु फिर भी एशिया के नागरिक प्रसन्न नहीं हैं?**

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा भी अभी हाल ही में विभिन्न देशों में नागरिकों की प्रसन्नता को आंकने के संदर्भ में एक सर्वे किया गया है। यह सर्वे मुख्य रूप से वित्तीय क्षेत्र में प्रसन्नता, कार्य स्थल पर पहुंचने एवं उत्पादकता से सम्बंधित प्रसन्नता, मानसिक प्रसन्नता, जीवन एवं कार्य के बीच संतुलन, ऊर्जा की उपलब्धता, आदि जैसे बिंदुओं पर आधारित है। यह सर्वे 61 देशों के सम्बंध में उक्त वर्णित मानदंडों पर प्राप्त विस्तृत जानकारी के आधार पर सम्पन्न किया गया है। वित्तीय क्षेत्र में प्रसन्नता को आंकते समय देश में सकल बचत, शुद्ध बचत एवं निजी साख ब्यूरो कवरेज का ध्यान रखा गया है। बचत एवं ऋण की आसान उपलब्धता को भी वित्तीय प्रसन्नता को आंकने के मापदंड में शामिल किया गया है। वित्तीय प्रसन्नता के मापदंड पर कतर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, ग्रीस को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है एवं भारत को 17वां स्थान प्राप्त हुआ है।

कार्य स्थल पर पहुंचने एवं उत्पादकता से सम्बंधित प्रसन्नता को आंकते समय कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से अलग अलग जानकारीयां प्राप्त की गई है। देश में फसल उत्पादन सूचकांक के आधार पर किसानों की प्रसन्नता को आंका गया है। देश में व्यापार करने में आसानी (ईज आफ डूइंग बिजनेस) सूचकांक के आधार पर उद्योग क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की प्रसन्नता को आंका गया है। कर्मचारियों की उत्पादकता को आंकने हेतु मानव पूंजी सूचकांक का उपयोग किया गया है। देश में बेरोजगारी की दर बढ़ने से नागरिकों में नकारात्मक भाव जागृत होता है, इसे आंकने का प्रयास भी किया गया है। प्रत्येक देश में कर्मचारियों को वेतन के साथ उपलब्ध कराए जा रहे अवकाश की संख्या को भी कर्मचारियों में प्रसन्नता को आंकने हेतु उपयोग किया गया है। इस प्रकार किए गए आकलन के अनुसार सिंगापुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है एवं इराक को सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ है। भारत को 45वां स्थान प्राप्त हुआ है।

देश में मानसिक प्रसन्नता को आंकने के लिए नागरिकों में विषाद की स्थिति को आंका गया है एवं इन देशों के नागरिकों द्वारा अपना कितना समय परोपकार के कार्यों में लगाया जाता है, इसे भी आंकने का प्रयास किया गया है। इस मापदंड पर इंडोनेशिया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है एवं पुर्तगाल को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि भारत 11वें स्थान पर रहा है।

उक्त सर्वे में यह रोचक तथ्य भी उभर कर सामने आया है कि कुछ देशों में जीवन एवं कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से इन देशों के नागरिकों द्वारा उस कार्य को किया ही नहीं जाता है जिससे उनके जीवन एवं कार्य के बीच असंतुलन की स्थिति निर्मित हो। कार्य के कुल समय में कितना लचीलापन है, नौकरी की सुरक्षा, 65 वर्ष के पूर्व सेवा निवृत्ति प्राप्त करना एवं नौकरी से प्रयोजन का हल होना जैसे बिंदुओं को इस मापदंड के अंतर्गत आंका गया है। इस मापदंड को आंकने के लिये केवल 28 देशों की जानकारी प्राप्त हो पाई है। इस मापदंड के अनुसार, भारत को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है एवं जापान को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है।

ऊपर वर्णित समस्त मापदंडों को मिलाकर जो 61 देशों के अंतिम परिणाम प्राप्त हुए हैं, उनके अनुसार आस्ट्रेलिया प्रथम स्थान पर रहा है एवं सूडान को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, भारत को 48वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूची में प्रथम 10 देश निम्न प्रकार रहे हैं- आस्ट्रेलिया, अमेरिका, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, ग्रीस, कनाडा, पोलैंड, जर्मनी, इटली एवं फिनलैंड। वैसे भी, विश्व बैंक ने विशेष रूप से भारत में गरीब वर्ग के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में लगातार हो रहे अतुलनीय सुधार के चलते गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी की भरपूर प्रशंसा की है।

**(लेखक भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ त्योहार मनायें : अपर उपायुक्त

**सामाजिक समरसता के साथ पर्व मनायें, प्रशासन आपके साथ है : जिला परिवहन पदाधिकारी**

**जिले में ईद के पूर्व वरीय पदाधिकारियों ने की शांति समिति सदस्यों के साथ की बैठक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में ईद का त्योहार चांद देखने के बाद 22 अप्रैल को मनाये जाने की संभावना है। सोमवार को जिले के उपायुक्त श्रीमती विजया जाघव व वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक की गई।

मौके पर सीतारामडेरा व सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में शांति समिति सदस्यों के साथ एक बैठक तारापोर स्कूल सभागार में की गई। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, जिला खनन पदाधिकारी संजय शर्मा शामिल रहे। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार से विधि व्यवस्था संधारण में बाधक नहीं बनें, बल्कि जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा जिला प्रशासन आप सभी के साथ है, सामाजिक समरसता के साथ पर्व मनायें। एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। वहीं अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा ने बमामाईंस एवं जुगसलाई थाना में बैठक कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उन्होंने कहा विधि व्यवस्था के संधारण में प्रत्येक नागरिक से सहयोग अपेक्षित है। किसी भी तरह की असामाजिक कृत्य संज्ञान में आते ही पुलिस प्रशासन को जरूर सूचना दें। सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों को फॉर्वर्ड करने से बचें।

वहीं एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, सीओ जमशेदपुर अमित कुमार ने परसुडीह, सुंदरनगर व एसडीओ घाटशिला ने मुसाबनी एवं घाटशिला थाना में शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने ईद का पर्व हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

# भाजमो बर्मामाइंस मंडल ने भक्तिनगर की समस्या से अवगत होकर जल्द समाधान का दिया आश्वासन

**स्थानीय लोगों के साथ बैठक में भाजमो नेताओं ने भक्तिनगर के विकास की नयी रेखा खींचने का दिलाया विश्वास**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस में बिजली की समस्या को लेकर भाजमो मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव के नेतृत्व में स्थानीय लोगों के साथ बैठक की गई। सोमवार को बैठक में भाजमो नेताओं ने भक्तिनगर के विकास की नयी रेखा खींचने का विश्वास दिलाया। बैठक के दौरान स्थानीय लोगों ने भक्तिनगर में बिजली की समस्या से अवगत कराया। भाजमो नेताओं ने बताया बस्ती में बिजली व्यवस्था सुदूर करने के लिए पूर्व में ही जुस्को को प्रस्ताव भेजा गया। भक्तिनगर में एक बड़ा नाला निर्माण के लिए अनुशंसा हो चुकी है। यथाशीघ्र सभी कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा।

भाजमो नेताओं ने भक्तिनगर निवासियों को आश्वस्त किया क्षेत्र में विकास की नई रेखा खिंची जाएगी। अधूरे कार्यों को तीव्र गति से अनुशंसा कर प्रारंभ की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

मौके पर बबलू झा, इश्वर राय, कमल किशोर,राजेंद्र पैथेलोगी सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मोबाइल लूट के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

**दो आरोपी गिरफ्तार, दो मोबाइल बरामद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के एसपी आनंद प्रकाश के निर्देश पर जिला प्रशासन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को आरआईटी पुलिस ने बीते दिनों ड्यूटी पर निकले वादी अशोक सिंह की शिकायत पर एक जांच टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए लूट के मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों में पवन दास और आकाश सरदार शामिल हैं। जानकारी देते हुए आरआईटी थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया बीते 15 अप्रैल को अशोक सिंह आधुनिक पावर प्लांट में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गजानन कंपनी के समीप उन्हें घेरकर दोनों युवकों ने हेलमेट और डंडे से पिटाई शुरू कर दी। वादी का मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। इसकी शिकायत दर्ज होते ही एक टीम का गठन कर त्वरित संज्ञान लेते हुए 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को लूटे गए मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया दोनों युवकों को इच्छापुर मंदिर टोला के समीप से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया शिकायत दर्ज होने के बाद दोनों युवकों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान इच्छापुर मंदिर टोला के समीप पुलिस को देख दोनों युवक भागने लगे। जिन्हें सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ा गया। दोनों युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गया। इनमें से एक मोबाइल वादी अशोक सिंह की थीजबकि दूसरा मोबाइल किसी अन्य का था, दोनों ही मोबाइल लूटा गया था। दोनों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए। जिन्हें पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आरएसएस नेता सह रास सांसद ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के नये भवन का किया उद्घाटन

**कार्यक्रम समापन के बाद राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का किया निरीक्षण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा शास्त्रीनगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रशासनिक (कार्यालय) भवन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद और आरएसएस के नेता राकेश सिन्हा ने किया। इस भवन का निर्माण सांसद की निधि से हुआ है। इस अवसर पर अभय कुमार सामंत, वी नटराजन, श्याम किशोर प्रसाद सिन्हा, अरुण सिंह तथा प्रबंध समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम राज्यसभा सांसद ने विद्यालय परिसर में अवस्थित शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुषांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उसके बाद भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। विद्यालय की बहनों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। सांसद का स्वागत विद्यालय के घोष के भैया बहनों ने घोष वादन के साथ किया। भवन उद्घाटन के बाद भवन निरीक्षण तत्पश्चात मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत श्रीगणेश किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय शंकर सिंह द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शास्त्रीनगर की प्रारंभ से अब तक की विकास गाथा का वृत्त सचिव महोदय द्वारा प्रस्तुत किया गया. हमारे अभिभावक संघ के विभाग संघचालक अभय सामंत द्वारा आशीर्वचन के उपरांत मुख्य अतिथि का उद्बोधन हुआ।

उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा धर्म माना. मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे कोरी स्लेट की तरह होते हैं। उस पर जो लिख दिया जाए वह अमिट हो जाता है। अभिभावक एवं शिक्षक की भूमिका अहम होती है। माता-पिता बच्चों को जन्म देते हैं लेकिन शिक्षक उस बालक को अच्छी शिक्षा एवं अच्छा संस्कार देकर देश का एक अच्छे नागरिक के रूप में निर्माण करता है। उन्होंने इसके लिए कई उदाहरण प्रस्तुत किए। विद्यालय के अध्यक्ष महोदय द्वारा आगत अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की दीदी श्वेता मेहता ने किया। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम समापन के बाद राज्यसभा सांसद ने विद्यालय में स्थापित शिशु वाटिका, साइंस लैब एवं अटल टिंकरिंग लैब एवं कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया गया। सांसद ने विद्यालय के आचार्य कर्मचारियों की प्रशंसा की। उन्होंने सबको धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यालय का विकास आप लोगों के कंधों पर है और आप ही इसे उत्कृष्ट बना सकते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विशुनपुरा प्रखंड कमेटी का गठन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के बैनर तले बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप एवं क्षत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललन बच्चा ने की। कार्यक्रम में प्रखंड के कोचेया, कमता, पिपरी कला, पिपरी खुर्द, मझिगावां, संध्या, सोनडीहा, सहित नगर उंटारी के सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से रूपेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, आनंद प्रताप देव को सचिव, बलराम सिंह को कोषाध्यक्ष, अमरेश सिंह को उपकोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह को उपसचिव एवं विश्वनाथ प्रताप सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने क्षत्रिय समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला। समाज को एकजुट रहने तथा समाज के गरीब लोगों की सहायता करने का संकल्प लिया गया। मौके पर अनुमंडलीय अध्यक्ष इंदल सिंह, देवेंद्र सिंह, आशुतोष शरण सिंह, श्यामवरण सिंह, बंटू सिंह, कामेश्वर प्रताप देव, उदय सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, दादुल सिंह, ददन सिंह, बीरेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, दिलीप सिंह सहित क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे एक टिपर को धुरकी पुलिस ने किया जब्त

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के धुरकी गांव से रविवार की रात्रि को गश्ती के दौरान धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार तथा पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर कनहर नदी से अवैध रूप से बालू ढुलाई कर रहे एक टिपर को जब्त कर धुरकी थाना परिसर लाया है। जबकि टिपर चालक पुलिस को देखर फरार हो गया। मामले में धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि कनहर नदी से अवैध बालू का धंधा करने वालों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस कार्रवाई से अवैध रूप से बालू का धंधा करने वालों में हड़कंप है।

### पत्रकार के दादाजी के निधन पर शोक

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव निवासी पत्रकार सत्यम जायसवाल के दादाजी तथा अजय जयसवाल के पिता रामचंद्र साव का सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे अपने मझिआंव बाजार ब्लॉक रोड स्थित आवास पर ही निधन हो गया। उनकी आयु 94 वर्ष थी। बताते चलें कि वे सेवानिवृत्त कल्याण पदाधिकारी पद से 1990 में मझिआंव ब्लॉक से रिटायर हुए थे। वहीं काफी लंबे समय से किडनी की बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज गढ़वा परमेश्वरी अस्पताल और रांची के आर्किड हॉस्पिटल तथा अन्य हॉस्पिटलों से चल रहा था। निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बनारस ले जाया गया। जहां मणिकर्णिका घाट पर उनके पुत्र अजय जयसवाल के द्वारा मुखाग्नि दी गयी। वहीं इस घटना की दुखद खबर सुनते ही पूरे बाजार क्षेत्र सहित अन्य स्थानों से आये लोगों के द्वारा उनके अंतिम दर्शन करने एवं परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए तांता लगा रहा। जिसमें निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सत्या दुबे, विजय जयसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विस्थापित संघर्ष समिति ने भूमि एवं पुनर्वास बोकारो कैंप 2 के परियोजना निदेशक को सौंपा नौ सूत्री मांग पत्र



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर के द्वारा सोमवार को भूमि एवं पुनर्वास बोकारो कैम्प 2 के परियोजना निदेशक को अपना नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा। विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों ने मांग पत्र के जरिए परियोजना निदेशक को अवगत कराया कि सेल के बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) द्वारा भवनाथपुर में संचालित घाघरा चूना पत्थर खदान व तुलसीदामर डोलोमाइट खदान खोलने हेतु तत्कालीन बिहार सरकार के भूअर्जन विभाग द्वारा सन 1968-69 में भवनाथपुर एवं नगर उंटारी के राजस्व ग्राम के रैयतों की भूमि अधिग्रहण कर बीएसएल को हस्तांतरित की गई। भूमि हस्तांतरण के उपरान्त चूना पत्थर खदान भवनाथपुर व तुलसीदामर डोलोमाइट खदान चालू कर कार्य प्रारंभ किया गया। कहा कि खदान चालू होने से पूर्व विस्थापित परिवार के लोगों की 17 फरवरी 1968 को बोकारो स्टील प्लांट के तत्कालीन प्रबंध निदेशक केएम जॉर्ज के साथ बैठक हुई थी। उक्त बैठक में प्रबंध निदेशक ने कहा था कि बीएसएल की नियुक्तियों में विस्थापित परिवार को प्राथमिकता मिलती रहेगी और कार्य करने लायक विस्थापित व्यक्ति को जो कार्य करना चाहते हैं, उन्हें कहीं न कहीं बोकारो स्टील प्लांट में अवश्य नियोजन किया जायेगा। परंतु सेल प्रबंधन भवनाथपुर द्वारा अनुपालन नहीं किया गया। उनकी मांगों में भवनाथपुर सेल द्वारा जिन विस्थापित रैयतों को पुनर्वास हेतु भूमि पट्टा आवंटित नहीं किया गया है, उन्हें डीपीएलआर बोकारो से भूमि पट्टा निर्गत करायी जाये। सेल द्वारा विस्थापित रैयतों को 20-20 डिसमिल भूमि पुनर्वास हेतु उपलब्ध कराई जाये क्योंकि विस्थापित होने बाद रैयत भूमिहीन हो गए हैं तथा उन्हें नौकरी भी नहीं दी गई है।

**बैठक : उपायुक्त ने की एग्री एंड फूड प्रोसेस कॉन्क्लेव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा**

# गढ़वा कृषि महाविद्यालय में 21 को होगा कॉन्क्लेव, तैयारी पूरी

**कॉन्क्लेव में एफपीओ, नीति निर्माता, मीडियाकर्मी तथा कृषि शिक्षाविद भी होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से कृषि उपज के वित्त, प्रौद्योगिकी और बाजार लिंकेज के संबंध में एक बैठक आहूत की गई। बताते चलें कि पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा 21 अप्रैल 2023 को कृषि महाविद्यालय गढ़वा में कृषकों के समग्र विकास को लेकर एग्री एंड फूड प्रोसेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त निर्धारित तिथि को आयोजित होने वाले कॉन्क्लेव में एफपीओ, नीति निर्माता, मीडियाकर्मी तथा कृषि शिक्षाविद भी भाग लेंगे।

कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के साथ विचार विमर्श एवं समीक्षा किया। उन्होंने विभिन्न विभागों से योजना से जुड़ी जानकारी ली। साथ ही छोटे एवं लोकल उद्योगों के उन्नयन के बारे में बात की गई।

उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को आयोजित किए जाने वाले उक्त कॉन्क्लेव में भाग लेने तथा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास में योगदान देने का निर्देश दिया गया।

उक्त मौके पर एलडीएम आईबी लाल समेत जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, उद्योग विभाग पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गरीब वृद्धा का घर उजाड़े जाने के मामले की कोर्ट के आदेश पर अंचल सीआइ ने की जांच

**वृद्ध महिला के पति वन विभाग में दैनिक मजदूर थे, वन विभाग ने दी थी यह भूमि**

**ग्रामीणों ने कहा- गरीब वृद्धा को न्याय दिलाने के लिए संगठित होकर जायेंगे न्यायालय की शरण में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** ग्रामीणों के आवेदन के आलोक में भवनाथपुर अंचल के सीआई इंतखाब आलम ने सोमवार को वन विभाग के चेकनाका के समीप बीते दिनों एक गरीब वृद्ध महिला के घर कोर्ट के आदेश पर उजाड़े जाने के मामले में स्थल पर पहुंचकर इसकी जांच की। विवादित भूमि की जांच के क्रम में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने सीआई को बताया कि वृद्धा के पति वन विभाग में दैनिक मजदूरी पर काम करते थे, उन्हें वन विभाग द्वारा यह भूमि उपलब्ध करायी गयी थी। जिसमें वृद्ध महिला अपने दो नाती के साथ गुजर बसर कर रही है। वृद्ध महिला पूरी तरह से भूमिहीन है। उन्हें कमजोर समझकर भूमाफिया द्वारा उक्त भूमि को हड़पने के ख्याल से मामला न्यायालय में लाया गया, जहां वृद्ध महिला की अज्ञानता एवं गरीबी, कमजोरी के कारण अपना पक्ष नहीं रखने के कारण न्यायालय द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए भूमाफिया के पक्ष में डिग्री मिल गयी। जिसे दखल दिलाने के लिए वृद्ध महिला को कैद करते हुए उक्त मकान को गिरा दिया गया एवं दखल करने का प्रयास किया गया। आसपास के ग्रामीणों द्वारा आक्रोश प्रदर्शन करते हुए उस वृद्ध महिला को न्याय एवं पुराने रास्ते की मांग करते हुए अंचलाधिकारी एवं क्षेत्र पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी गयी है। ग्रामीणों ने वृद्ध महिला का मकान स्थापित कराने एवं रास्ता बंद नहीं होने देने का आग्रह किया। जबकि महिला की नातिन आरती देवी ने उपस्थित होकर सभी प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनता के बीच रो-रोकर आपबीती बताते हुए न्याय का मांग की, जिस पर सीआई इंतखाब आलम ने कहा कि महिला के द्वारा उस वक्त कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया था। जिसके कारण एक पक्षीय कार्रवाई की गई है। आज जो ऑनलाइन हाल सब कागजात दिखाया जा रहा है एवं गत सर्वे का जो पेपर है, उसका सत्यापन करते हुए वरीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा।

पंचायत की मुखिया बेबी देवी, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा यह कागजात पहले दिखाया जाता तो हम लोग प्रशासन को मकान गिराने नहीं देते। जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी के द्वारा वन विभाग की भूमि सीमांकन कराने के लिए विभाग द्वारा अमीन प्रतिनियुक्त कराने की मांग करते हुए कहा गया कि मामला न्यायालय से संबंधित है, जिसके लिए हम सभी इस गरीब महिला एवं स्थल पर ही उपस्थित बूढ़ी महिला को आर्थिक सहयोग करते हुए इसे न्याय दिलाने के लिए संगठित होकर न्यायालय की शरण में जायेंगे।

### कांडी प्रखंड में एक सप्ताह तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी फीडरों में एक सप्ताह तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी कांडी बिजली सबस्टेशन कर्मी द्वारा दी गई है। उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि प्रतिदिन सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े दस बजे तक सभी फीडर शटडाउन में रहेगा। ग्रिड कर्मी ने कहा है कि इस समस्या से निजात जल्द ही सभी उपभोक्ताओं को मिलेगी। दिक्कत केवल एक सप्ताह तक ही रहेगी।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण में खराब प्रदर्शन से पंचायत सचिव का वेतन स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में खराब प्रदर्शन के कारण गढ़वा जिला उपायुक्त के अनुमोदन के आधार पर गढ़वा उप विकास आयुक्त के द्वारा कंचनपुर पंचायत सचिव पंकज तिवारी का वेतन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इसके संबंध में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास लाभुकों को प्रथम किस्त भुगतान के बावजूद द्वितीय किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे लाभुकों की संख्या कंचनपुर पंचायत में 131 है। इसके संबंध में कंचनपुर पंचायत के सचिव पंकज तिवारी ने पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रथम किस्त प्राप्त आवास लाभुकों से जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य को शुरू कर पूर्ण करने की आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि अब लाभुकों पर भी कार्रवाई होगी। इस बात को ध्यान में रखें। ताकि कार्रवाई होने से बच सकें और नये योग्य व्यक्तियों को आवास दिया जा सके।

### नवनिर्वाचित लैंपस समितियों को संपूर्ण प्रभार नहीं मिलने से लैंपस का कार्य हो रहा है प्रभावित



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** नवनिर्वाचित लैंपस समितियों को अभी तक संपूर्ण प्रभार नहीं मिलने के कारण भंडरिया लैंपस का कार्य प्रभावित हो रहा है। जिससे लैंपस से मिलने वाले लाभ से स्थानीय किसान वंचित रह जा रहे हैं। सोमवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह एवं सदस्य सुशील कुमार सिन्हा ने जिला उपायुक्त के नाम लिखित आवेदन बीडीओ विपिन कुमार भारती को सौंपा। बीडीओ ने प्राप्त आवेदन को जिला उपायुक्त व संबंधित विभाग तक पहुंचाये जाने का आश्वासन दिया। लैंपस अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार भंडरिया लैंपस का चुनाव हुए आज पांच माह गुजर गए लेकिन अभी तक नवनिर्वाचित समिति को लैंपस का संपूर्ण प्रभार नहीं मिला है। जिस कारण लैंपस से संबंधित अन्य कार्य भी बाधित हो रहे हैं। इसकी लिखित शिकायत जिला सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा से भी की गई है। पदाधिकारियों की पहल के बावजूद भी पूर्व के अध्यक्ष के द्वारा प्रभार दिये जाने को लेकर टालमटोल किया जा रहा है। साथ ही भंडरिया लैंपस के सदस्यों को उचित दर पर कृषि कार्य करने हेतु भूमि संरक्षण विभाग से कृषि यंत्र उपलब्ध कराया गया है। जिसमें दो ट्रैक्टर भी शामिल है। उक्त दोनों ट्रैक्टरों को पूर्व की समितियों के द्वारा सड़क निर्माण कार्य में अवैध बालू सहित कृषि कार्य से हटकर अन्य कार्य में लगाया गया है तथा उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। जिससे कृषि यंत्र में शामिल दोनों ट्रैक्टर जर्जर स्थिति में हो गए हैं। लैंपस खाता संचालन का कार्य भी पूर्व समिति के पास ही है। जिससे लैंपस का सदस्यता वृद्धि अभियान जैसे कार्य भी


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 –RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 आमंत्रित किया गया है। जिसका पी0 आर0 सं0 – 293849 है। जिन क्रमांकों को संशोधन किया जा रहा है वो निम्न प्रकार है :–

2) वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 15.04.2023 के स्थान पर 20.04.2023 पढा जाय।

3) ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 17.04.2023 से दिनांक 25.04.2023 के स्थान पर दिनांक 21.04.2023 से 29.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।

4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.04.2023 के स्थान पर 08.05.2023 पढा जाय।

7)निविदा खोलने का स्थान–e-procurment cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, कोडरमा पढा जाय।

8) निविदा खोलने का तिथि एवं समय –दिनांक 29.04.2023 के स्थान पर 09.05.2023 पढा जाय।

निविदा की सभी शर्त्तेपूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.295251 Rural Work Department(23-24):D



**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़**

**पुनः बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रम सं0 01 से 02 तक का वित्तीय वर्ष 2023–24 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक की वार्षिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डांक का आयोजन दिनांक 27.04.2023 को अपराह्न 01:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | अवधी | बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाल बोली की राषि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सिविल कोर्ट परिसर छत्तमाण्डु में चार चक्कावाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग। | वित्तीय वर्ष 2023–2024 (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक | 1,48,060/– | 14,806/– |
| 02 | राँची रोड सेवटा सब्जी बाजार की बन्दोबस्ती। | | 2,58,500/– | 25,850/– |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैंनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. डाक की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

PR.NO.295233 District(23-24):D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़।



**जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 24.04.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.04.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.04.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान :– जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान :– जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद :– CSR मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कैरो | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैरो के संचालन हेतु प्रखण्ड परिसर, कैरो स्थित स्टाफ क्वाटर का जीर्णोद्धार कार्य | 298800.00 | 750.00 | 6000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद्, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

PR.NO.295267 Lohardaga(23-24):D

जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा।


**कार्यक्रम : ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अग्निशमन विभाग ने किया प्रशिक्षण का आयोजन**

# विद्यालय के बच्चों को आग से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण में बच्चों ने भी आग बुझाने के भिन्न-भिन्न तरीकों की जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के परिसर में छात्र-छात्राओं शिक्षक एवं समस्त कर्मचारियों को जिला अग्निशमन पदाधिकारी गणेश चंद्र सिंह, प्रधान अग्नि चालक सुनिल कुमार दुबे एवं अग्निशमन वाहन चालक जनमज्य कुमार सिंह के द्वारा आग से बचाव के लिए विद्यालय परिसर में आग को जलाकर सीओटू एवं एबीसी गैस सिलेंडर का उपयोग कर आग को बढ़ने से रोकने तथा उनको उन्हें बुझाने में कैसे प्रयोग किया जाता है इसका प्रशिक्षण दिया गया।

बच्चों को आग से निपटने एवं बचाव के लिए भिन्न-भिन्न तरीकों को बताया गया। प्रशिक्षण कार्य में छात्र-छात्राओं ने भी काफी रुचि के साथ प्रशिक्षण किया और उनके साथ-साथ बच्चों ने भी आग बुझा कर देखा।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से चेयरमैन अनूप सोनी ने अग्निशमन विभाग को दान पत्र में सहयोग के रूप में सहयोग राशि दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोनी, इंजीनियर धीरज, आकाश कुमार, आदित्य कुमार के साथ विद्यालय के शिक्षक सुमित सोनी, सूरज कुमार, सत्य प्रकाश वर्णवाल, आलोक कुमार, नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, नम्रता तिर्की, रश्मि सिन्हा, कविता चौधरी, प्रियंका पांडेय, रागिनी कुमारी, सोनी कुमारी ,अमित सोनी, आलका लकडा, सुतापा सेन के साथ विधालय के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।


**GOVT.OF JHARKHAND, WATER RESOURCES DEPTT.**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR**

**Re-Tender inviting Very Short Notice**

Very Short Re-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-$F_2$-07/2022-23 Dated :-15.04.2023

| Sl. No. | Block | Name of Work | Sanction BOQ Amount | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender Paper | Last date/Time for receipt of e-Tender upto | Date of Publication of e-Tender on website | Date & Time of Opening Bid | Name & Address of Office inviting tender | Contact No. of E.E. Procurement officer | Help line number of e-Procurement Cell | Last date of received of cost of bid document & EMD. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 01. | Hussainabad | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH, VILL- JAMUA, P. NO. 2438, UNDER HUSSAINABAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 3376520.83 | 67600.00 | 5000.00 (Non Refundable) | 24.04.2023 (05:00 P.M.) | 18.04.2023 (Till 02:00 P.M.) | 27.04.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 26.04.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 02. | Hussainabad | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH, VILL- NAIKENIYA, PLOT NO 973, UNDER HUSSAINABAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 2761245.47 | 55300.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

PR 295289 Water Resource (23-24)_D

Executive Engineer,
Water Ways Division, Medininagar

## भाजपाइयों ने प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड प्राप्त होने पर उपायुक्त को दी बधाई



**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से पेयजल और विद्युत संकट की शिकायत को लेकर सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव को बधाई देने साथ ही साथ बिजली और पानी की समस्या के निदान हेतु गुमला नगर मंडल के द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड राज्य के इतिहास में पहली बार प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का किताब गुमला जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव को प्राप्त हुई है उन्हें बधाई देने के लिए गुमला भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर प्रसाद साहू गुमला जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी गुमला जिला के महामंत्री सतनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, वरिष्ठ भाजपाई भूपन साहू, ओम प्रकाश साहू, शिवकुमार राम, दामोदर कसेरा, गुमला नगर मंडल अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह उपस्थित थे। विगत कई दिनों से शहर में विद्युत आपूर्ति एवं जलापूर्ति की व्यवस्था ध्वस्त हो जाने के कारण गुमला नगरवासी हो रही परेशानियों और समस्या के बारे में उपायुक्त महोदय को अवगत किया गया। बिजली, पानी सेवा सुचारू रूप से बहाल करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के लिए कहा गया, जिससे वर्तमान समस्या का निदान हो सके। समस्याओं का निदान नहीं होने पर भाजपा के सभी कार्यकर्ता चरणबद्ध आंदोलन करने हेतु विवश होंगे।

## झारखंड के गुमला जिले के लिए गौरव हैं उपायुक्त सुशांत गौरव : लायंस क्लब



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2022 के लिए चुना गया है। यह अवार्ड आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से विकास को लागू करने के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सिविल सर्विस डे के दिन विज्ञान भवन ,न्यू दिल्ली में दिया जाएगा। सिविल सर्विस डे हर साल 21 अप्रैल को मनाया जाता है। गुमला डीसी सुशांत गौरव को यह अवॉर्ड लेने के लिए आमंत्रित किया गया है यह झारखंड के 23 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है। जब झारखंड के किसी जिले का सिलेक्शन इस अवार्ड के लिए हुआ ,यह गुमला जिले के लिए बहुत गौरव की बात है,इनके इस उपलब्धी पर लायंस क्लब ऑफ गुमला का टीम अध्यक्ष ला महेश प्रसाद गुप्ता सचिव ला अशोक कुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद पी आर ओ मुरली मनोहर प्रसाद एवं उपाध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने उपायुक्त को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करने के लिए मिशन बदलाव टीम ने दिया आवेदन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और प्रीति कुल्लू के नेतृत्व में कार्यपालक पदाधिकारी पेयजलापूर्ति स्वछता विभाग को मांग पत्र दिया और बताया कि गुमला में जलापूर्ति के लिये पाइपलाइन है वो छतिग्रस्त है और न जाने किंतने पानी ऐसे ही बर्बाद हो जाते है और अभी गर्मियों में आम जनता को पानी की समस्याएं से प्रतिदिन रूबरू हो रहा है और हाहाकार मचा हुआ है।सैयदा खातून ने कहा कि गुमला में पानी की विकराल समस्या है जिससे कि जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मिशन बदलाव प्रतिनिधि मंडल ने मांग पत्र से आग्रह किया है कि पानी संबंधित समस्याओं का समाधान एवं त्वरित निष्पादित करें अन्यथा पूरी मिशन बदलाव की टीम वृहत आंदोलन करेगा

### बैठक : ईद उल फितर के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में डीसी ने कहा

# भ्रामक प्रचार और सूचनाओं की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें

**एसपी डॉ. एहतेशाम वकारीब ने पर्व के दौरान सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी ईद उल फितर (ईद) के मद्देनजर उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सूचना भवन के सभागार में संपन्न हुई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक हैं। जिसका अनुसरण करना सबका कर्तव्य है। उन्होंने विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा समुचित व्यवहार का अनुपालन करते हुए ईद मनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों के आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर परिषद को दिया। साथ ही उपायुक्त ने ईद के अवसर पर



आमजनों से मदिरा एवं नशा युक्त पदार्थों का सेवन नहीं करने की अपील की। उन्होंने अधिक भीड़-भाड़ वाली मस्जिदों के पास चलंत स्वास्थ्य उपचार वैन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया।

22 एवं 23 अप्रैल को ईद उल फितर का नमाज अदा किया जाएगा जिसे देखते हुए उपायुक्त ने जिले भर में बिजली एवं पानी की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार पानी के टैंकर को भी तैयार रखने की बात कही। पर्व के माहौल में बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिलेगी जिसे देखते हुए ट्रैफिक को नियंत्रित करने हेतु तैयारी करने को कहा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब ने पर्व के दौरान सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने की अपील की एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का जरूरी सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार के वक्त इंटरनेट के माध्यम से अधिक अफवाह फैलाई जाती है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ऑनलाइन अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। जिन भी वाट्सअप ग्रुप में पर्व के माहौल को बिगाड़ने हेतु अफवाह फैलाई जाएगी उसमें उस ग्रुप के एडमिन एवं अफवाह फैलाने वाले दोनो पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से जिले भर में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे।

बैठक के अंत में दुखद घटना से सभी शांति समिति के सदयों को अवगत करवाते बताया गया कि पिछले सप्ताह शांति समिति के एक सदस्य मोहम्मद सलीम खान की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी । जिसके लिए उपायुक्त सहित सभी शांति समिति के सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन रखते हुए मोहम्मद खान की आत्मा की शांति के लिए कामना की गई।।

जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब, एसडीओ रवि जैन, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, डीएसओ गुलाम शमदानी, पुलिस उपाधीक्षक गुमला, शांति समिति के सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नहीं रहे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चुमनू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के जिला प्रतिनिधि चुमनू उरांव नहीं रहे। दिल का दौरा पड़ने से रविवार की रात उनकी मौत हो गई। उनके निधन की सूचना पर जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिला के लोकप्रिय नेता, सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी हमेशा अपने चेहरे पर मुस्कुराहट बनाकर रखने वाले चुमनू के आकस्मिक निधन से सिर्फ कांग्रेसी नहीं बल्कि दूसरे राजनीतिक दलों के लोगों, प्रबुद्धजनों व शुभचिंतकों की भीड़ उनके सिलम स्थित आवास में जमा हो गई। सभी ने उन्हें नमन

**अब कांग्रेस की मीटिंग में नहीं दिखेगा वह मुस्कुराता चेहरा, कांग्रेसियों ने जताया शोक**

कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत उनके आवास पहुंचे। कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के लिए अपना जीवन व्यतीत करने वाले लोगों से एक थे। जमीन से जुड़े नेता होने के कारण वे हर दिल अजीत थे। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि रविवार को अचानक तबियत



खराब होने पर सदर हॉस्पिटल लाया गया डॉक्टरों के द्वारा जांच कर रांची रेफर किया गया। पर रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनके पैतृक ग्राम सिलम में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि उनका जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक जताने वालों में प्रदेश प्रभारी अजय किशोर नाथ शाहदेव, मानिकचंद साहू, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, अमर कुजूर, राजनील तिग्गा, हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, दीपक विश्वकर्मा, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि, सुषमा केरकेट्टा, बसंत गुप्ता, निमरोध एक्का, इलियाजर मिंज, हिमेश कुमार, शाहजहां अंसारी, जय सिंह, रूपेश सन्नी, अरूण गुप्ता, सुनील उरांव सहित अन्य लोग है। मालूम हो कि चुमनू को डॉ रामेश्वर का सबसे विश्वासी व करीबी माना जाता था।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं गुमला नगर परिषद के लोग : मिशन बदलाव

**मोहल्ले वालों ने कहा- हमारे वार्ड में पेयजल, नाली, आंगनबाड़ी एवं सामुदायिक भवन की सुविधाएं नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव का वार्ड का सवाल वार्ड का सरकार अभियान के तहत नगर सचिव बिनय गोप, महिला नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर, चंदकला टोप्पो एवं लखन गोप के नेतृत्व में वार्ड नंम्बर 1 के दुंदुरिया सोसो मोड़ कदमटोली में मोहल्लेवासियों के साथ बैठक की।




बैठक में मोहल्लेवासियों ने बताया की हमारे मुहल्ले में 2 चपाकल है और दोनों चापाकल खराब है, इसको लेकर विभाग एवं वार्ड पार्षद को कई बार अवगत कराया गया लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। हमारे मोहल्ले में बिजली पोल खूंटा की बहुत आवश्यकता है और बरसात के दिनों में लकड़ियों वाले पोल खूंटा से बहुत परेशानी एवं टूटने और करंट लगने का डर बना रहता है और पोल खूंटा नहीं रहने के वजह से कई घरों में लकड़ियों के सहारे बिजली पहुंची है।

बैठक में कहा गया कि मिशन बदलाव का प्रतिनिधि मंडल मोहल्लों की मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं उपायुक्त को भी अवगत कराएगा। आज की महत्वपूर्ण बैठक में महमणि देवी, सुगन्ति देवी, रमानाथ प्रधान, नवीन प्रसाद सिंह, मुकेश प्रधान, सुरेश भगत, पूजा कुमारी, दिनेश प्रधान, पार्वती कुमारी, जितिया उरांव, रवि प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर प्रभात फेरी निकाली



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना सिसई के द्वारा सोमवार को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में प्रखंड के विभिन्न मध्य व उच्च विद्यालय के छात्राएं शामिल हुईं। प्रभात फेरी को जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बीडीओ सुशीला खलखो, सीडीपीओ सुधा सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सभी को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं प्रभात फेरी के उपरांत छात्राओं सहित सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर बीईईओ जोहानी टोप्पो, एच एम मीना देवी, विमला बड़ाईक, कुंती कुमारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, पारा लीगल वोलेंटियर शिवकुमारी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### प्रखंड कार्यालय के लिपिक सह प्रभारी के निधन पर शोकसभा आयोजित

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के लिपिक सह प्रभारी नाजीर रंजन रमण की शनिवार देर शाम अचानक हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई थी, जिसे लेकर सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शोक सभा कर प्रखंड कार्यालय का कार्य दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया। शोक सभा में बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, सीडीपीओ सुधा सिन्हा, सीआई अजय कुमार, सभी हल्का उप निरीक्षक, पंचायत सचिव, जनसेवक, प्रखंड समन्वयक, जेई, एई, बीपीओ, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर आंपरेटर, लिपिक, अनुसेवक प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मी सहित सभी विभागों के समस्त कमीयों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

### पुस्तकालय संचालन के लिए समिति का गठन, जेम्स रोजारियो बने अध्यक्ष

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास केंद्र भवन में शनिवार को प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय के क्रियाशील करने के निमित्त पुस्तकालय संचालन समिति के गठन को लेकर चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुस्तकालय के संचालन को लेकर समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष जेम्स रोजारियो तिग्गा, सचिव अमन आकाश कुजूर व कोषाध्यक्ष सचिन कुमार को बनाया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तकालय आगे चलकर बंद ना हो जाए इसके लिए संचालन समिति का गठन किया गया है। इसमें समाज का महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में बच्चे आ रहे हों, पुस्तकालय बंद ना हो इसे देखना आप लोगों का काम है। साथ ही पुस्तकालय में अगर कोई कमियां हैं तो उसे प्रशासन के समक्ष रखना है। पुस्तकालय में साफ सफाई का ध्यान रखना, समय से खोलना, छात्र-छात्राओं की समुचित भागीदारी, पुस्तकों की उपलब्धता, बिना किसी भेदभाव से इसका संचालन आदि सुनिश्चित करने के साथ पुस्तकालय का बेहतर उपयोग करने के लिए थिंकटैंक के रूप से संचालन समिति कार्य करें। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, फा. इनोसेंट कुजूर, प्रोफेसर अमित कुमार, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, रघुनंदन प्रसाद, बोनीफास कुजूर, सद्दाम हुसैन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली

**जारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को जन जन तक फैलाने के लिए आज सोमवार को राजकीय उत्क्रमित उच्च वि.के बच्चो के द्वारा प्रभात फेरी सह रैली का आयोजन बीडीओ सुमन गुप्ता सीओ रेशमा रेखा मिंज प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा के अगुवाई में किया गया। प्रभात फेरी राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जारी से प्रारम्भ होकर परमबीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा होते हुए जारी गांव का भ्रमण किया गया। प्रभात फेरी के दौरान बच्चियां पोस्टर में नारा लिखकर चल रही थीं। साथ ही बेटी बचाव बेटी पढ़ाव आदि के नारा लगाया जा रहा था। साथ ही बीडीओ सुमन गुप्ता के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सरकार की सोच है कि बच्चियों के सामने पढ़ाई में होने वाली खर्च बाधा न बने इसलिए सरकार द्वारा इस योजना को बच्चियों के लिए लागू की गई है। इस योजना को आप अपने गांव के किशोरियों तक पहुंचाएं और लाभ लें। एक भी किशोरी न छूटे इस बात को ध्यान मे रखें साथ ही कहा कि हमारा और आपका सोच तभी सफल होगा जब यह योजना एक एक किशोरी को लाभ मिले। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर साबिना जन्नत, विक्टोरिया एक्का, बसन्ती केरकेट्टा, रोशन बखला, जोसेफा टोप्पो, अन्जू रेणु खेस, अशोक खलखो, अमिता तिर्की, राजीव रंजन, राजेन कुजूर सहित आंगनबाड़ी सेविका तथा बच्चियां उपस्थित थी।

### कार्यक्रम : बिजली-पानी की लचर स्थिति को लेकर गुमला चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने बिजली एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों से की मुलाकात

# त्योहार को देखते हुए समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की

**अधिकारियों ने बिजली-पानी की समस्या का शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर में बिजली एवं पानी की लचर स्थिति को देखते हुए गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने आज बिजली विभाग एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों से उनके कार्यालय में समस्या की सुधार हेतु मुलाकात करने पहुंचे।

गुमला में बढ़ती गर्मी व रमजान के माह में बिजली तथा पेयजल की समस्या तथा आम जनता तथा व्यापारी बंधुओं को हो रही कठिनाई को देखते हुए गुमला चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केशरी की अगुवाई में गुमला



पावर हाउस जाकर विभाग के ई ई से मुलाकात की। बिजली विभाग के अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराने ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग कार्य की वजह से पिछले पांच दिनों से बिजली की समस्या थी जो अब ठीक हो चुकी है। गुमला में अभी कुल 25 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है परन्तु सप्लाई मात्र 13 -14 मेगावाट ही हो पा रहा है इस वजह से कुछ दिनों तक सप्लाई कम रहेगी। जिसे चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने जल्द दुरुस्त करने की बात कही ताकि समस्या का त्वरित निदान हो। आने वाले दिनों में ईद, अक्षय तृतीया का त्यौहार होने पर बिजली तथा पेयजल नही होने से जन समस्या बढ़ जाएगी जिसे दूर करना आवश्यक है।

ई ई ने बतलाया की गुमला शहर में अभी 50 एमवी ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है, जो बहुत जल्द उपलब्ध हो जाएगी। जिसके बाद बिजली की सप्लाई बेहतर तरिके से हो पायेगी।

वहीं चेंबर से उपस्थित निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने बिजली की आंख मिचौनी से शॉर्ट सर्किट भी होने तथा इससे आगजनी की भी आशंका व्यक्त की व इससे भी निजात दिलाने की मांग की। जिसपर ई ई ने जानकारी दी की गुमला ड्राई जोन है एवं व्रजपात ड्रोन एरिया है जिसके लिए केमिकल अर्थिंग लगाने का प्रस्ताव पारित हो चूका है । अर्थिंग मजबूत हो जाने के बाद शार्ट सर्किट कम होने की सम्भावना है।

आगे उन्होंने जानकारी दी की पेयजल विभाग को प्राप्त डेडिकेटेड लाइन खराब होने की वजह से पेयजल विभाग को बिजली दूसरे लाइन के माध्यम से दी जा रही है। डेडिकेटेड लाइन हाईवे बनाने के कार्य में छतिग्रस्त हो गया है जिसे जल्द से जल्द बना दिया जायेगा। जो भी उपभोक्ता जिनके पास पांच किलोवाट तक का कनेक्शन है और उनका बिल देय है वे अपने बिजली बिल का पेमेंट तुरंत करें जिसमें उन्हें ब्याज में छूट मिलेगी और वे सिर्फ बिल अमाउंट ही दे कर अपने बिल को अपडेट कर सकते हैं।

मौके में गुमला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा, निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केसरी, बिजली विभाग के चेयरमैन मुन्नी लाल साहू, सह-सचिव बबलू वर्मा, अमित मंत्री (गोलू) एवं अन्य उपस्थित थे।

## सिसई पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई पुलिस द्वारा कुम्हार मोड़ स्थित आश्रम विद्यालय के पीछे से बरामद युवक के शव की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या में शामिल दो लोगों को जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में गुमला थाना क्षेत्र के घनगांव करमटोली निवासी मनकुंवैर देवी (40) व सोमा खड़िया (41) शामिल हैं। इस बाबत एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने सिसई थाना में सोमवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के आदेशानुसार घटना की प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान के क्रम में मृतक युवक की पहचान गया जिला के इमामगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी कुंदन कुमार (19) के रूप में हुई। तकनीकी अनुसंधान के क्रम में गुमला थाना अंतर्गत घनगांव करमटोली निवासी सोमा खड़िया से पुछताछ

**पुलिस ने आश्रम विद्यालय के पीछे से बरामद युवक के शव की गुत्थी सुलझाई**

किया गया। सोमा ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया है उसका प्रेम प्रसंग गांव की ही शादीशुदा महिला मनकुंवैर देवी से है। मनकुंवैर देवी के साथ मिलकर कुंदन की हत्या की साजिश रचकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। मनकुंवैर देवी से पुछताछ के दौरान उसने बताया कि कुंदन से करीब एक साल से से बातचीत हो रही थी। दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी था। इस दौरान कुंदन मनकुंवैर की बेटी से भी बातचीत करने लगा। जिस बात पर गुस्सा होकर मनकुंवैर पहले कुंदन को बेटी से बातचीत करने से मना किया, परंतु कुंदन के नहीं मानने पर मनकुंवैर ने अपने अन्य प्रेमी सोमा खड़िया के साथ मिलकर कुंदन को जान से मारने की योजना बनाई और उसे बीते मंगलवार को मिलने के बहाने सिसई स्थित आश्रम विद्यालय के पीछे बुलाया। शाम करीब सात बजे के आस पास कुंदन आश्रम विद्यालय के पीछे पहुंचा, जहां मनकुंवैर व सोमा पहले से मौजूद थे। जिसके बाद उन्होंने चाकु से गोदकर व गला रेतकर कुंदन की हत्या कर दिया। पहचान छिपाने के नियत से मृतक का मोबाईल भी अपने साथ ले गए। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त चाकु, मृतक का मोबाईल फोन, साजिश में शामिल मनकुंवैर देवी व सोमा खड़िया का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। अनुसंधान टीम में थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, पुअनि राहुल कुमार झा व सिसई थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। ज्ञात हो कि सोमा खड़िया पुर्व में भी गुमला थाना अंतर्गत दर्ज कांड में भी जेल जा चुका है।

# बाबा साहेब ने सिर उठाकर जीना सिखाया: चंदन सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर प्रखंड के चराई पंचायत में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, प्रमुख उर्मिला कुमारी, मुखिया रविंद्र राम, डॉ बीके ज्योति, रामजन्म राम एवं जगदीश नागवंशी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया। चंद्न प्रकाश सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारत के कलंक को धोया है। उन्होंने सिर्फ दलितों का भला नहीं किया, बल्कि भारत के हर एक वर्ग के लोगों के माथे पर लगा कलंक धोया है। अगर अंबेडकर नहीं होते तो यह देश मनुस्मृति के सिध्दांतों पर चल रहा होता और हमारी स्थिति साठ के दशक के दक्षिण अफ्रीका की तरह होती, जिससे पूरी दुनिया ने नाता तोड़ लिया है। आज हम पूरी दुनिया के सामने सिर उठाकर खड़े हैं तो उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ डॉ भीमराव अंबेडकर को जाता है। वहीं, छतरपुर प्रमुख उर्मिला कुमारी ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को समानता का अधिकार दिया है। जिस कारण आज हम लोगों की पहचान समाज में बनी है। मुखिया रविंदर राम ने कहा कि हमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा को हथियार बनाना होगा। तभी हम सभी का विकास एवं बाबा साहब का सपना संभव पूरा कर सकते हैं। समाजसेवी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें शिक्षित बनकर अपने अधिकारों को पहचानना होगा, ताकि कोई भी जनप्रतिनिधि हमारे अधिकारों का हनन न कर सके। इस मौके पर राजन सिंह, अनुज कुमार, सनी कुमार, ममता बौद्ध, ज्योति बौद्ध, पूनम बौद्ध, उमेश कुमार, उपेंद्र गुप्ता, जय किशन कुमार, सोनी कुमारी आदि थे।

## भाजपा नेता डॉ ईश्वर चंद्रवंशी ने मृतक के घर जाकर परिवार का बढ़ाया ढ़ांढस

**उटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** उंटारी प्रखंड के पांडेपुर ग्राम निवासी सरवन विश्वकर्मा 16 अप्रैल की रात सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। सरवन विश्वकर्मा अजय विश्वकर्मा के पुत्र थे। उनके तीन बच्चे (दो लड़की और एक लड़का) है। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मौत के घटना सुनकर गांव में मातम छा गया। यह खबर सुनकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शव यात्रा में पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। एवं उनके आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना भी किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अजय विश्वकर्मा को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए कहा कि मेरी आपको जब भी जरूरत पड़े निःसंकोच याद कीजिएगा। मैं हमेशा आपके सुख,दुख में खड़ा रहूंगा। इस मौके पर उंटारी प्रखंड के मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, विश्रामपुर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल,मुरमा खुर्द पंचायत के मुखिया रामबचन राम, दामोदर प्रसाद यादव,ओमप्रकाश गुप्ता,संतोष मेहता, पवन गुप्ता, सुमन गुप्ता आदि मौजूद थे।

## निगम पदाधिकारियों और पार्षदों के साथ ही समीक्षा बैठक

# ड्राई जोन में पांच-पांच टैंकर अतिरिक्त पानी: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने उपमहापौर मंगल सिंह और सभी पार्षदों एवं निगम पदाधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक कर पानी वितरण की समीक्षा की। महापौर ने कहा कि जैसे-जैसे, जहां-जहां पानी की किल्लत होगी वैसे-वैसे टैंकर से पानी पढ़ाया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया की निगम का ड्राई जोन एरिया



निगम गर्मी और पार्षदों के साथ बैठक करती महापौर अरुणा शंकर।

वार्ड नंबर 3, 13, 14, 15 और 19 में मंगलवार से पांच-पांच टैंकर अतिरिक्त पानी दिया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा कि सिर्फ ड्राई जोन एरिया ही नहीं अन्य वार्ड में भी जरूरत के हिसाब से पानी पढ़ाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में महापौर ने कहा कि कुछ लोग सप्लाई के पानी से खेती कर रहे है। मैं उनसे विनम्र प्रार्थना करूंगी कि अभी एक एक बूंद पानी की कीमत है उससे खेती ना करें पकड़े गए तो नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

## खलारी पीएचसी में महीनों से नहीं है एंटी रेबीज वैक्सीन, लोग परेशान

**खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी पीएचसी में कई महीनों से एंटी रेबीज वैक्सीन नहीं होने मरीजों को परेशानी हो रही है। इन दिनों लगातार कुत्ते काटे जाने के मामले खलारी पीएचसी पहुंच रहे लेकिन एंटी रेबीज वैक्सीन के नही होने से लोगों का इलाज नही हो पा रहा है। मरीजों का कहना है कि पुर्व में सीसीएल अस्पताल में भी एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध था, लेकिन अब वहां भी वैक्सीन देने से मना कर दिया जाता है। इधर खलारी पीएचसी चिकित्सक डॉ इरषाद ने बताया कि कई महिनों से उनके यहां एंटी रेबीज वैक्सीन की सप्लाई नहीं भेजी गयी है। जबकि बुढ़मू सीएचसी में वैक्सीन उपलब्ध है। वहीं खलारी पीएचसी में कई आवश्यक दवाएं शुगर बीपी के अलावा कई जनरल दवा भी उपलब्ध नहीं है।**

## बढ़ती गर्मी से सावधानी व बचाव जरूरी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में तापमान बढना शुरू हो गया है जिससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है। गर्मियों में इन परेशानियों के साथ लोगों को डिहाइड्रेशन,चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव को लेकर हम सभी को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी



हो सकती है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकले समय हल्के रंगों के ढीले सूती कपड़े पहनने, चश्मा व छाता रखने व गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक, गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचाने यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहें है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। इसके अलावा उन्होंने सभी से नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का शर्बत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा व ककड़ी का नियमित रूप से सेवन करने की भी अपील की। ज्ञातव्य है कि जीसी ने गर्मी के मद्देनजर इसके पूर्व में भी जिले में संचालित सरकारी, गैर सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों के समय में बदलाव भी किया गया है।

## जपला में स्प्राइट मिनी मेला का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने जपला में स्प्राइट मिनी मेले का उद्घाटन किया। स्प्राइट मिनी मेला आयोजन कर्ता चंदन कुमार सिंह ने विनोद सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में कोका कोला और स्प्राइट का होलसेल होना अति आवश्यक था। यहां इसके खुलने से आसपास के क्षेत्रों में कोल्ड ड्रिंक्स के उपभोक्ताओं एवं वितरकों को सुविधा पूर्वक उपलब्ध होगा। कहा कि हुसैनाबाद जपला के डिस्ट्रीब्यूटर चंदन कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के लोगों का आवश्यकताओं को देखते हुए इस कार्य के लिए काफी लगन और मेहनत किया है। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान, हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, एसआई सौरभ कुमार, सोमप्रकाश, विनोद कुमार, कोका कोला कम्पनी के मार्केटिंग हेड सौरभ कुमार, सेल्स टीम के हेड रुपेश कुमार, कोका कोला के हुसैनाबाद जपला के होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर चंदन कुमार सिंह, श्रवण अग्रवाल, मोजाहिर हुसैन, राजेश कर्ण आदि मौजूद थे।

## बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड के निर्देश पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बीएलओ व सुपरवाइजर को मतदाता सूची से संबंधित अद्यतन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में सांख्यिकी पदाधिकारी अखलेश शर्मा, जनसेवक तीर्थराज कुमार सिंह मौजूद थे। उक्त प्रशिक्षकों ने निर्वाचक निबंधन सह अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर मतदाता सूची से संबंधित कई जानकारी दी। इस क्रम में मतदाता सूची से नाम हटाने, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाताओं को अपने कार्ड के प्रति जिम्मेदारी सहित कई बिंदुओ पर जानकारी दी गयी। इस मौके पर पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, सब्या कुमारी, रिंकू देवी, उर्मिला देवी, हिना देवी, बैजन्ती देवी, सावित्री देवी, सुशीला देवी, सुषमा देवी, देवंती देवी, कलावती देवी, मंजू देवी और पूनम देवी आदि मौजूद थे।

# बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं, तो होगा आंदोलन : रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में गर्मी शुरू होते ही बिजली की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं बिजली उपभोक्ताओं को महज छह से आठ घंटे ही बिजली मिल रही है। अगर बिजली की समस्या का सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र में बिजली कटौती जारी है। शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों मे भी



भाजपा नेता रविंद्र सिंह।

बिजली की स्थिति बद से बदतर हो गई है। दूसरी तरफ बिजली उपभोक्ता नियमित बिजली नहीं मिलने के बाद भी बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं। बिजली कटौती को लेकर झारखंड में हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। जबकि झारखंड सरकार खुद की वाहवाही में व्यस्त है। पूर्व की भाजपा सरकार में 18 से 20 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। इस बिजली कटौती को लेकर लोगों में हेमंत सरकार के प्रति जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं क्षेत्र के लोगों को बिजली मुहैया कराने की बात करने वाले स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को लेकर चुप्पी साधे हुए है। रविंद्र सिंह ने कहा कि अगर बिजली की समस्या का शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो भाजपा उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## गर्मी में राहगीरों के लिए पनशाला खोलना सबसे पुनीत कार्य: सुप्रियो



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जैसे शहर में एक ओर जहां पानी के लिए हाहाकार मची है। लोग पानी के एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। लोग मकान खाली करके पलायन हो रहे हैं। जहां पानी मिलना मुश्किल हो रहा है वहीं ऐसी स्थिति में पानाशाला खुलना सबसे पुनीत कार्य है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कही। वे सोमवार को झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय परिसर के एक पंशाला के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। वहीं झारखंड माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि गर्मी की तपिश में आम जनों के लिए उसे सुंदर सेवा नही हो सकती। जो संगठन सेवा के लिए पंशला खोलना चाहते हैं उन्हें माटी कला बोर्ड की तरफ से मिट्टी का घड़ा दिया जाएगा। इस मौके पर पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मनोज पांडेय, सानू सिद्दीकी, गढ़वा जिलाअध्यक्ष तनवीर आलम, राकेश सिन्हा, जटाधारी गुरुजी, सनी शुक्ला, सुनील तिवारी, असफर रब्बानी, शोभा प्रजापत्ति, विनोद प्रजापत्ति, संतोष प्रजापत्ति, अनूप प्रजापति आदि मौजूद थे।

## शोभायात्रा में सभी की सहभागिता जरूरी : अर्जुन पांडेय




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अक्षय तृतीया (22 अप्रैल) को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम की भव्य झांकी, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम दरबार, महादेव व वीर बजरंग बली की जीवंत झांकी के साथ की जन्मोत्सव शोभायात्रा निकलेगी। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने कही। सोमवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के पूर्व भगवान परशुराम की भव्य पूजा अर्चना की जाएगी। बुलेट पर सवार लड़कियों का राइडिंग शहर के लिए अनोखा होगा। बताया कि नारी शक्ति स्वरुप में बुलेट सवार लडकियों का ग्रुप शोभायात्रा में सबसे आगे आगे रहेंगी। तरसा पार्टी व लाईव भक्ति जागरण शोभायात्रा में चार चांद लगाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में शामिल होने के लिए युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारी व सदस्य प्रमंडल के सभी गांव का भ्रमण कर रहे हैं और लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

उन्होंने सभी प्रमंडल वासियों से शोभायात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा। उनहोंने कहा कि शोभायात्रा में शामिल सभी श्रध्दालुओं पर पुष्प वर्षा व पगड़ी पोशी कर अभिनंदन किया जाएगा, वहीं शोभायात्रा के समापन के बाद सांध्य सात बजे से प्रदेश कार्यालय में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,जिलाध्यक्ष विकास दूबे शैलेश तिवारी व अनील दूबे भी मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



**बीसीसीआइ वे घरेलू टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में भारी भरकम बढ़ोतरी कर दी है। रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी समेत महिलाओं के घरेटू टूर्नामेंट की इनाम राशि भी बढ़ाई गई है। इसकी जानकारी बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने दी**

### घरेलू टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में भारी-भरकम बढ़ोतरी, महिलाओं को 833 फीसदी ज्यादा मिलेगा इनाम

# रणजी विजेता को अब मिलेंगे दो के बजाय पांच करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में भारी-भरकम बढ़ोतरी कर दी है। रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी समेत महिलाओं के घरेलू टूर्नामेंट की इनामी राशि भी बढ़ाई गई है। बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने इस बात की जानकारी रविवार देर शाम को सोशल मीडिया पर शेयर की। इसके मुताबिक, रणजी चैंपियन को अब दो करोड़ की जगह 5 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं महिलाओं की सीनियर वनडे ट्रॉफी चैंपियन को अब करीब 833 फीसदी ज्यादा इनामी राशि मिलेगी। विमेन चैंपियन को पहले 6 लाख रुपए मिलते थे, लेकिन अब उन्हें 50 लाख रुपए




मिलेंगे। जबकि टी-20 महिला ट्रॉफी के विजेता को पांच की बजाय 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। वहीं, रणजी उप विजेता को तीन करोड़ रुपये मिलेंगें।

### ईरानी कप के विजेता को मिलेंगे 50 लाख

रणजी ट्रॉफी विजेता को अब तक दो, उपविजेता को एक और सेमीफाइनलिस्ट को 50 लाख रुपये की राशि मिलती थी। अब विजेता को 5, उपविजेता को तीन और सेमीफाइनलिस्ट को एक करोड़ रुपये की राशि मिलेगी। ईरानी कप के विजेता को 25 के बजाय 50 लाख मिलेंगे, जबकि उपविजेता को भी अब 25 लाख मिलेंगे।

### महिला क्रिकेट टूर्नामेंटों को हुआ बड़ा फायदा

दलीप ट्रॉफी विजेता को 40 लाख के स्थान पर एक करोड़, उपविजेता को 20 की बजाय 50 लाख रुपये की राशि मिलेगी। वनडे के लिए खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी विजेता को 30 लाख के स्थान पर एक करोड़, उपविजेता को 15 के स्थान पर 50 लाख मिलेंगे। प्रो डीबी देवधर ट्रॉफी विजेता को 25 के बजाय 40 लाख और उपविजेता को 15 के स्थान पर 20 लाख मिलेंगे।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के विजेता को 25 के बजाय 80 लाख और उपविजेता को 10 के स्थान पर 40 लाख रुपये मिलेंगे। सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी के विजेता को छह के बजाय 50 लाख और उपविजेता को तीन के स्थान पर 25 लाख मिलेंगे। सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी के विजेता को पांच की बजाय 40 लाख और उपविजेता को 3 के स्थान पर 20 लाख रुपये मिलेंगे।

### 3 फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट की प्राइज मनी बढ़ाई

बीसीसीआइ ने रणजी ट्रॉफी समेत कुल 8 सीनियर डोमेस्टिक टूर्नामेंट की प्राइज मनी बढ़ाई है। इनमें 6 पुरुष और 2 महिला टूर्नामेंट शामिल हैं। फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट में रणजी ट्रॉफी उप विजेता को एक करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए और सेमी-फाइनल में हारने वाली टीमों को 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, सौराष्ट्र पिछली रणजी चैंपियन है, उन्होंने बंगाल को हराकर खिताब जीता था।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन में महिला का मोबाइल-पर्स चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के आस पास चोरों का ऐसा आतंक मचा हुआ है की दिनदहाड़े मोबाइल चोरी करना, बैग/पर्स कटिंग करना आम बात हो गया है। प्रत्येक दिन रेलवे परिसर सहित वाहन पार्किंग में बड़ी आसानी से घटना को अंजाम देते है। चोरों का यहाँ नही है पुलिस का भय है और ना ही पब्लिक का। ऐसी ही घटना डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से उतर कर टेंपू पकड़ने जा रही महिला के बैग को ब्लेड मार कर मोबाइल गायब कर दिया। महिला जब टेंपू से उतर कर अपना बैग देखी को हक्का बक्का रह गई, क्योंकि बैग से सभी समान गिर रहा था। जब मोबाइल ढूंढने लगी तो मोबाइल गायब मिला, साथ ही बैग में रखे छोटी सी पर्स भी गायब मिला, जिसमे करीब 2000 रुपए थे। जानकारी के अनुसार महिला उंटारी रोड से डाल्टनगंज अपने परिजन के साथ आई थी। जो की महिला अपने बच्चा को ले कर इलाज कराने जा रही थी। महिला उंटारी रोड की रहने वाली है। परिजन ने काफी खोजबिन किया परंतु मोबाइल नही मिला। महिला सहित परिजन ने इसकी शिकायत डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन जीआरपीएफ को दिया है। जहां से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

आगे ऑनलाइन आवेदन झारखंड पुलिस को किया गया है। जिसका शिकायत संख्या 509728 है। मोबाइल इन्फिनिक्स कंपनी का बताया जा रहा है। जिसका क्टएक ल्लङ्क: 35305595935361. और टङ्की': 6883 हैं।

### पर्स भी चोरों के निशाने पर

चोरों के निशाने पर महिलाओं के पर्स भी हैं।रात में या दिन में सफर करने के दौरान महिलाएं सो जाती हैं। चोर महिला यात्रियों के सोने के दौरान उनके पर्स उठा ले जाते हैं। पर्स में उन्हें मोबइल

## वेदांता-इएसएल के प्रतिभाशाली कर्मचारियों को मिला चेयरमैन अवार्ड




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता इएसएल देश हित में हमेशा से अग्रणी रहा है। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के पास आत्मनिर्भर भारत बनाने का एक अडिग विश्वास है। वेदांता समूह का हिस्सा होने के नाते और विकास के अपने बुलंद मकसद को आगे बढ़ाने के लिए ईएसएल के चुनिंदा कर्मचारियों को वेदांत ग्रुप द्वारा बड़े पैमाने पर एक लक्ष्य के लिए विशेष योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कंपनी के उद्योग में एक प्रभावशाली परिवर्तन लाने के लिए आशीष गुप्ता (सीइओ और डब्ल्यूटीडी, ईएसएल) को वेदांता समूह की सभी व्यावसायिक इकाइयों में से 'सीईओ ऑफ चॉइस' पुरस्कृत किया गया। उनके स्पष्ट दृष्टिकोण और प्रैक्टिकल फैसलों ने व्यावसायिक प्रक्रियाओं में काफी परिवर्तन लाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में एक उत्प्रेरक बनने की राह पर चलते हुए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने वाले अन्य लोगों में नितेश निराला (निदेशक आयरन, पावर एंड बीई, ईएसएल), संजीव तिवारी (उप निदेशक एग्लोमरेशन, ईएसएल), अनूप सिंह नागी ( उप निदेशक ब्लास्ट फर्नेस, ईएसएल), बीवीएस कुमार (प्रमुख ऑपरेशन्स, बीएफ 2, ईएसएल), शंभु सिंह (प्रमुख मेंटेनेंस, बीएफ, ईएसएल), शुभम अपराजिता (प्रमुख लीगल, ईएसएल), ज्ञान तिवारी (लीड-डिजिटलाइजेशन, ईएसएल), रवि कांत (प्रमुख- ऑपरेशन्स, सीपीपी, ईएसएल), अजहर इस्माइल (प्रोडक्शन प्लानर एंड इन्वेंटरी कंट्रोलर, पीपीसी, ईएसएल), आशुतोष वर्मा (सेक्शन हेड, इ. आई, सिंटर, ईएसएल) और विकास राय (प्रोसेस कंट्रोलर, सिंटर, ईएसएल) शामिल थे। वेदांता ईएसएल इस्पात उद्योग में अग्रणी बनकर इस विकासशील देश की मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वेदांता समूह की ओर से इस तरह के पुरस्कार राज्य के विकास में ईएसएल के योगदान का प्रमाण हैं जो परिणामतः भारत के कदम को भी आगे ले जा रहे हैं।

## लोहा पुल व सड़क बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप



**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल स्थित कोनार नदी पर बने लोहा पुल व सड़क बनाने की मांग को लेकर गैरमजरूवा बस्ती, लहरियाटांड बस्ती एवं गांझुडिह बस्ती के ग्रामीणों ने सोमवार को गोविंदपुर परियोजना से होने वाले कोयला ट्रांसपोटिंग में लगे हाइवा को रोक कर ट्रांसपोटिंग ठप कर दिया। लगभग दो घंटे बाद सूचना पाकर गोविंदपुर स्वांग परियोजना पदाधिकारी दिनेश गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे और वहां का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को जांच करने को कह दिया गया। अधिकारी जल्द से जल्द जांच कर मरम्मति कार्य शुरू करेंगे। तब तक के लिए कोयला ट्रांसपोर्टिन में लगे हाइवाओं का परिचालन स्वांग के रास्ते किया जाएगा। वहीं जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों का कहना था कि मरम्मति कार्य के नाम पर लीपापोती किया जाता हैं। लगभग 10 वर्षो से लोहा पुल व सड़क की स्थिति खराब है, जो अब बद से बदतर हो गयी है। जिसे सीसीएल प्रबंधन बनवाने के बजाय मरम्मति के नाम पर लीपापोती कर रही हैं। इस बार हमलोग सीसीएल प्रबंधन के खोखले वादों से झांसे में नहीं आयेंगे। लोहा पुल से लेकर छिलका पुल मुख्य सड़क तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो सीसीएल गोविंदपुर परियोजना से होने वाली कोयला ट्रांसपोर्टिन में लगे हाइवा का परिचालन फिर से रोक देंगें। क्योंकि इस सड़क से कोयला लदे हाइवा के अलावे छोटे वाहनों सहित बाइको द्वारा ग्रामीण दिन रात पुल एवं सड़क का प्रयोग आने व जाने के लिए करते हैं। आए दिन पुल व सड़क खराब होने से छोटी मोटी घटनाएं होती रहती हैं। वहीं कथारा के स्टाफ ऑफिसर्स शिविल ऋषिकेश महापात्र ने कहा कि हमलोग सड़क का कार्य करवाना चाहते हैं मगर डीवीसी नहीं करने देती हैं। रेलवे पुल से आगे की जमीन को डीवीसी अपनी जमीन कहती हैं। जिस कारण हमलोग चाह कर भी सड़क नहीं बना सकते हैं। यदि डीवीसी अनापत्ति प्रमाण पत्र देती हैं तो हमलोग लोहा पुल से लेकर छिलका पुल मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण कार्य शुरू कर सकते हैं। इस मौके पर स्वांग परियोजना के ओभर शियर ऋषि राज, गोविंदपुर एफ पंचायत समिति प्रतिनिधि बिरसा रजक, हजारी पंचायत उप मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर प्रजापति, विजय प्रजापति, हाइवा मालिक बलराम सिंह, बीएलए कंपनी के मयंक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## लोयाबाद अंबेडकर एकेडेमी स्कूल का वार्षिक समारोह संपन्न



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर एकाडेमी स्कूल का वार्षिक समारोह रविवार की देर शाम हटिया ग्राउंड में संपन्न हुआ। इस दौरान भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वी जयंती भी मनाई गई। समारोह का उद्घाटन सिजुआ एरिया-5 के महाप्रबंधक अनुप कुमार राय, कार्मिक प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव, प्रिंसिपल बिनोद रस्तोगी, अध्यक्ष एसएस प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। इस अवसर पर जीएम अनुप कुमार राय ने कहा कि बाबा साहब शिक्षा को मनुष्य के लिए सबसे बड़ा अस्त्र मानते थे। हमारे देश का संविधान उन्हीं की देन है। वहीं, कांग्रेस के जिला महासचिव राम रहीम ने कहा कि कोलियरी क्षेत्र के शिक्षा के मंदिर रूप में यह स्कूल प्रसिद्ध है। यहां के बच्चे काफी प्रतिभावान है। कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद व समाजसेवी जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि इस स्कूल में घर जैसा वातारण के बीच उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती है। यहां के शिक्षक-शिक्षिकाएं धन्यवाद के पात्र है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंसीपल बिनोद रस्तोगी, सुनील कुमार, रंजीत राजवंशी, स्वपन सरकार, सुमीता राउत, आलोक कुमार, चैताली दत्ता, कामिनी भंडारी, प्रतीमा देवी, पूजा कुमारी, गणेश कुमार, जगतार सिंह, शंकर महतो की सक्रिय भूमिरा रही। इस मौके पर सोहन महतो, सुनील पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, बिनोद चौधरी और मुकेश पासवान आदि मौजूद थे।

## बीएसएल में सुझाव मेला का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के सेंटर ऑफ डिजिटल एक्सीलेंस में सेंट्रल इलेक्ट्रिकल समूह के कर्मियों के लिए सुझाव मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) देवाशीष सरकार, महाप्रबंधक (आईईडी) पी के गुप्ता, महाप्रबंधक (ईटीएल) केतन चावड़ा, महाप्रबंधक (ईआरएस) बी के राय आदि शामिल थे।

### झरिया विधायक ने किया धनुडीह में चार पाइपलाइन योजनाओं का उद्घाटन

# जन समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता: पूर्णिमा

**वर्षों से व्याप्त पेयजल समस्या का हुआ निराकरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



पाइपलाइन परियोजनाओं का उद्घाटन करती विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

**झरिया।** सुचारू पेयजल सुविधा की आस में वर्षो से घनुडीह ओपी क्षेत्र के परेशान लोगों को झरिया विधायक सह सत्तारूढ़ दल की सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने राहत दे दिया। उन्होंने अपने विधायक मद से लगभग 10 लाख रुपए की लागत से चार पाइपलाइन योजनाओं का उद्घाटन कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराया। इस कार्य से घनुडीह के लाभुको में हर्ष है। बतातें चलें कि वर्षों से पानी के लिए परेशान स्थानीय लोगों ने पूर्व में पूर्णिमा नीरज सिंह को समस्या से अवगत कराया था। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रख विधायक मद से उन्होंने जलापूर्ति कार्य के लिए नया पाइप लाइन बिछवाया। उद्घाटन कार्यक्रम में गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए स्थानीय लोगों ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। घनुडिह क्षेत्र के दुगार्पुर कुम्हार पट्टी, पांडेयबेड़ा, दुगार्पुर लाल मैदान और दुगार्पुर न्यू कॉलोनी में विधायक मद से पेयजल नल का शुभ उद्घाटन विधायक ने किया। इसके बाद नल से लाभावित होने वाली स्थानीय पांच महिलाओं द्वारा नारियल फोड़ कर उद्घाटन में सहयोग किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों ने इस क्षेत्र में व्याप्त रोड, नाली एवं पेयजल की समस्या से अवगत कराया था। जिसके निराकरण के लिए वे लगातार प्रयास कर रही हैं। कहा कि जन समस्या का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। विगत कई वर्षों से इन स्थानों पर पेयजल समस्या उत्पन्न होती रही है। जिसका समाधान किया गया। हमारा प्रयास है कि एक-एक कर सभी समस्याओं का स्थाई रूप से समाधान किया जा सके। वहीं, उपस्थित महिलाओं ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, अरुण सिंह झमाडा पर्यक्षक, पार्षद रूपा देवी, रविंद्र प्रसाद, सिंकु सिंह, राजकुमार ठाकुर, हारेराम सिंह, विकास कुमार यादव, मोनू कुमार, सुनील पासवान, राजेंद्र पंडित, कन्हैया पंडित, विजय पंडित, ललिता देवी, अनिता देवी, गुड़िया देवी, सीमा देवी आदि उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन मूकदर्शक बन कर अंधेरे में चला रहा लाठी : सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** विगत कई दिनों से लगातार धार्मिक स्थलों पर चोरी और कसिया टांड़ में हनुमान जी की मूर्ति तोड़े जाने की घटना से उपजे तनाव के बीच धनबाद के भाजपा सांसद पशुपति नाथ सिंह सोमवार को बोकारो पहुंचे। उन्होंने सेक्टर 04 में सूर्य मंदिर, कसिया टांड़ के धावक दल के मैदान में अवस्थित आस्था के केंद्र मां चंचली मंदिर, ऋतुडिह शिव मंदिर और बारी के दुर्गा मंदिर का भ्रमण-निरीक्षण किया। सांसद ने लगातार घटित हो रही घटनाओं पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि लगातार हो रही घटना को अंजाम देकर अपराधी जिला प्रशासन को चुनौती पर चुनौती दे रहा है। जबकि जिला प्रशासन मूक दर्शक बन कर अंधेरे में लाठी चला रही है। एक माह पूर्व बारी मोड़ में हुई घटना से जिला प्रशासन ने किसी प्रकार का सबक नहीं लिया, जो उसकी कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। इस मौके पर आरएन ओझा, कमलेश राय, विद्या सागर सिंह, एके वर्मा, शंकर रजक, श्रीराम मिश्र, अवधेश यादव, डॉक्टर अशोक, बैधनाथ प्रसाद, अनिल सिंह, मोंटी सिंह, राम सुमेर सिंह, गोपाल जी, मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, उमेश पासवान, गोल्डी सिंह, सोनल, आलोक कुमार वर्मा, द्वारिका नाथ सिंह मुन्ना, नीरज सिंह, बलराम कुमार, स्वराज सिंह, रामाधार यादव, संजय शर्मा, अशोक कुमार, अनिकेत राठौर, अभिषेक कुमार और शनि आनद आदि उपस्थित थे।

## शिकायत पर जांच करने झरिया पहुंचे निगम अधिकारी



**झरिया (आजाद सिपाही)।** शिकायत की जांच करने धनबाद नगर निगम के अधिकारी सोमवार को झरिया पहुंचे। जांच अधिकारी में शामिल अभियंता महेश भगत, विकास कुमार सिंह एवं दीपक पांडे ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष बबलू सिंह को लेकर आरके ट्रांसपोर्ट ऐना गोपालीचक, कतरास मोड़ और विकास भवन के पास सड़क का निरीक्षण किया। शिकायत के अनुसार बबलू सिंह ने सभी तत्वों को दिखाया और बताया कि अगर इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो इस मामले को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में धनबाद नगर निगम एवं बीसीसीएल के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे। विदित हो की ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि वार्ड नंबर 34, 35 एवं 37 में अवस्थित धनबाद झरिया कतरास मोड़ होते हुए बोर्रागढ़ साइडिंग की तरफ जाने वाली सड़क पर सफाई नहीं होती। इस मौके पर मंच के सदस्य सुभाष पासवान भी मौजूद थे।

### पीडीजे की अध्यक्षता में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों की बैठक

# 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का करें निष्पादन: पीडीजे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं पीडीजे रंजना अस्थाना।

**बोकारो।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण रांची के निर्देशानुसार 13 मई को बोकारो व्यवहार न्यायालय एवं तेनुघाट कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर अब तक की गई कार्रवाई का सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष रंजना अस्थाना ने न्याय सदन सभागार में बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों निलाम पत्रवाद, सहकारिता, ग्रामीण विकास विभाग, बिजली, नगर निगम, स्वास्थ्य, उत्पाद आदि विभागों द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की क्रमवार समीक्षा की और प्रदर्शन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। कहा कि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन हो, इसे संबंधित विभाग के पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी विभागों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत किए गए कार्यों का अद्यतन प्रतिवेदन विधिक सेवा प्राधिकरण बोकारो को 29 अप्रैल तक समर्पित करने को कहा। बैठक में जिला निलाम पत्र पदाधिकारी बीमा कंपनियों, बीएसएल के प्रतिनिधि,न्यायिक पदाधिकारी अधिवक्ता आदि उपस्थित थे।

## भाकपा-माले व डीवीसी प्रबंधन के बीच हुई वार्ता, विफल, विस्थापित बेरोजगारों का अनशन जारी



**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** डीवीसी बोकारो थर्मल पावर मुख्य द्वार पर पिछले विगत 13 अप्रैल से शुरू हुआ विस्थापित बेरोजगारों का आमरण अनशन सोमवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। भाकपा-माले एवं विस्थापित कमेटी द्वारा 35 स्थानीय विस्थापित अनशन पर बैठे है। भीषण गर्मी के चलते इस दिन सात लोगों की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, डीवीसी प्रबंधन की ओर से समझौता-वार्ता के लिए उप महाप्रबंधक कार्यलय में भाकपा-माले एवं विस्थापित कमेटी के सदस्यों के बीच वार्ता हुई। जिसमें किसी भी बिंदू पर सहमति नहीं बनी और वार्ता विफल रही। इसके बाद पुनः अनशन स्थल पर भाकपा माले एवं विस्थापित कमेटी के लोग पहुंते। निर्णय लिया गया कि मंगलवार की सुबह से डीवीसी पावर प्लांट मुख्य द्वार जाम किया जाएगा। इसकी सूचना स्थानीय प्रबंधन एवं प्रसाशन को पूर्व में दिया जा चुका है। साथ ही प्रबंधन के बीच वार्ता विफल होने की सूचना भी बगोदर के माले विधायक विनोद कुमार सिंह को दिया गया। सूचना मिलते ही विधायक ने कहा कि 18 अप्रैल को आयेंगें और सभी समस्या पर चर्चा करेंगें। प्रबंधन 40 वर्षों से यहां के स्थानीय विस्थापितों को ठग रहा है। वहीं, वार्ता में प्रबंधन की ओर उप महाप्रबंधक बीजी होलकर, सयुंक्त निदेशक रोहित कुमार, निदेशक शाहीद एकराम, भाकपा माले के क्षेत्रीय सचिव बाल गोबिंद मंडल, बालेश्वर यादव, वाजीद हुसैन, करीमुदीन अंसारी, छत्रधारी गोप, भोला यादव आदि शामिल हुए।

**DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008**

**Request for Proposal-Notice**

**RFP Reference No.: Agri/01/2023-24Dated: 13.04.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Very Short Tender for Request for Proposal for Development and Maintenance of Online Application Process of PDMC (Per Drop More Crop) Scheme Under RKVY Cafeteria (Rashtriya Krishi Vikas Yojana) for 2023 -24 to 2027-28 |
| 2 | Time of completion | 9 weeks |
| 3 | Document Fee | INR 10000 (Rupees Ten thousand only) Only demand draft to be made in favour of Director Agriculture Jharkhand payable at Ranchi. Note: DD should only be made from any nationalized bank. |
| 4 | Date of publication of RFP on website | 17.04.2023 from 05:00 pm. |
| 5 | RFP downloading start date | 17.04.2023 from 05:00 pm. |
| 6 | Date & Place of Pre-Bid Meeting | 19.04.2023 at 04:00 pm at Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008. |
| 7 | Last date and time for online submission of RFP | 25.04.2023 upto 03:00 pm |
| 8 | Last date of submission of hard copy of RFP document cost | 25.04.2023 upto 03:00 pm |
| 9 | Date and place of technical bid opening of the RFP | 26.04.2023 at 04:00 pm Directorate of Agriculture, 1st Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 |
| 10 | Name and Address of the tender inviting Authority | Chandan Kumar, I.A.S. Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi |
| 11 | Contact no. of procurement officer | 9835345613/9431159401 |
| 12 | Helpline no. of procurement cell | 0651-2233549 |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Sd/-**
**Director Agriculture,**
**Jharkhand, Ranchi.**

PR 295329 Agriculture(23-24)#D

**झारखण्ड सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02/2023–24 तिथि :– 17.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, रॉंची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 24.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 29.04.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 02.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉंची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 03.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying and fitting of 33 KV VCB with 33 KV C.T. & P.T. and renovation of Electric Sub-Station (33/11KV) with its all components for Booty Pumping Plant under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 39,67,924.00 | 79,400.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | 45 days |

**नोटः**–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉंची।**

PR.NO.295311 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/2023–24 तिथि :– 17.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, रॉंची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **18.04.2023** को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | **24.04.2023** को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | **29.04.2023** को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | **02.05.2023** को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉंची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | **03.05.2023** को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 11000/433 volts, outdoor type copper wound 1250 KVA offload Tap Changer Power Transformer (Make-Synergy/T Power/PVJ Power) with other accessories at Booty Sub Station under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 25,95,538.00 | 52,000.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | Two months |

नोटः–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉंची।**

PR 295301 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## सुप्रीम कोर्ट में केंद्र बोला: कानून बनाना संसद का काम

# समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता की मांग अभिजात्य वर्ग की सोच, कोर्ट दूर रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सेम सेक्स मैरिज को वैध ठहराए जाने की डिमांड सिर्फ शहरी एलीट क्लास की है। इससे आम नागरिकों के हित प्रभावित होंगे। सरकार ने कहा कि इस पर फैसला करना संसद का काम है। कोर्ट को इस पर फैसले से दूर रहना चाहिए। केंद्र ने सेम सेक्स मैरिज पर दूसरा हलफनामा पेश किया और इसके पक्ष में दायर याचिकाओं पर सवाल उठाया है। सरकार ने कहा कि यह केवल



शहरी एलीट क्लास का नजरिया है और इन याचिकाओं का मकसद ऐसी शादी को सिर्फ सामाजिक स्वीकार्यता दिलाना है। सभी धर्मों में विवाह का एक सामाजिक महत्व है। हिंदू में विवाह को संस्कार माना गया है, यहां तक की इस्लाम में भी। इसलिए इन याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए।

### मामले की अगली सुनवाई आज होगी

सुप्रीम कोर्ट ने 13 मार्च को सेम सेक्स मैरिज से जुड़ी सभी याचिकाओं को पांच जजों की संवैधानिक बेंच के पास भेज दिया था। बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली शामिल हैं। ये बेंच 18 अप्रैल को इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी।

## मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी के अंदर वुजू की अनुमति मांगी: सीजेआइ बोले- वाराणसी कलेक्टर मंगलवार को मीटिंग बुलाकर फैसला करें

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद में वुजू की परमिशन मांग रहे मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि वाराणसी कलेक्टर 18 अप्रैल को संबंधित अधिकारियों की मीटिंग बुलाएं और उसमें फैसला करें। ताकि ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में वुजू के लिए सुविधा दी जा सके। याचिका अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मस्जिद के अंदर बने वुजूखाने को खोल दिया जाए। जिसे शिवलिंग बताकर सीलबंद कर दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट में इसी अरुण गोयल की नियुक्ति को चुनौती: सुनवाई से हटे 2 जज, एनजीओ से पूछा- बतायें किन नियमों का उल्लंघन हुआ

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अरुण गोयल की चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। मामले को सुनवाई के लिए सोमवार को लिस्टेड किया गया था, इस बीच जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। सुनवाई शुरू होने के बाद पहले तो जजों ने चुनौती देने वाले एनजीओ से सवाल किया कि किन नियमों का उल्लंघन किया गया है। फिर सुनवाई से हटने की घोषणा की। इसके बाद मामले को दूसरी बेंच में भेजने का निर्देश दिया। एडीआर ने याचिका में कहा है कि गोयल की नियुक्ति कानून के मुताबिक सही नहीं है। साथ ही यह निर्वाचन आयोग की सांस्थानिक स्वायत्तता का भी उल्लंघन है।

## जी-20 जन भागीदारी: सोआ में फूड मिनी मैराथन का आयोजन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के अवसर पर आयोजित जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत रविवार को एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में सोआ के विभिन्न संस्थानों के शताधिक छात्रों ने भाग लिया। सोआ कैंपस-द्वितीय के सामने शुरू हुई मैराथन का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के डीन प्रोफेसर विजय कुमार साहू ने किया। इस मैराथन कैंपस-द्वितीय से कलिंग स्टूडियो चॉक तक की गई। इस मैराथन में सोआ छात्रों मंगल के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के निदेशक प्रो नचिकेता शर्मा और खेल अधिकारी सुनीता वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

## वाइ 20 परामर्श किट-ड्यू में हुआ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वाइ 20 के तत्वावधान में किट-ड्यू में आयोजित यूथ-20 परामर्श 15 अप्रैल 2023 को गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थिति में समाप्त हुआ। समापन समारोह में भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री रोहित पुजारी ने भाग लिए। रूबेन गौसी माल्टा के उच्चायुक्त, प्रो. सस्मिता सामंत कुलपति किट-ड्यू, प्रो. जेआर. महांति रजिस्ट्रार और प्रो. सीके. पाणिग्राही निदेशक गुणवत्ता आसुरंस, संसद सदस्यों सहित 20 देशों के प्रतिनिधियों ने भी शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, सेलिब्रिटी संगीतकारों और किट के छात्रों और अन्य लोगों ने इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। मंत्री रोहित पुजारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पैनल, दर्शकों और प्रत्येक प्रतिभागी के लिए किये गये कठिन परिश्रम को स्वीकार करते हुए अपना आश्रय और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ये टाइम अया की विश्व में भुखमरी खत्म करने और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों से निपटने के लिए दुनिया पर विचार करने का समय है। रूबेन गौसी के शब्द न केवल युवाओं के लिए बल्कि सभी गणमान्य व्यक्तियों के लिए इस तरह के मूल्य वर्धित कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर दिए जाने के लिए कृतज्ञता ज्ञापन किये। उनके शब्दों में, विभिन्न विचारधाराओं के सांसदों को किसी भी बात पर सहमत करना बहुत मुश्किल है, लेकिन अगर वे एक बात पर सहमत होते हैं, तो वह थे किट & किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत जो सब कुछ प्यार से, बिना प्यार के करते हैं कोई वी आशा रख के। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो. सस्मिता सामंत ने भव्य आयोजन के लिए पिछले दो दिनों से उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यह आयोजन भारत के युवाओं में क्षमता और भविष्य के लिए क्षमता का पर्याप्त सबूत था, उन्होंने कहा, किसी भी क्षेत्र में एक स्थायी संरचना के निर्माण की कुंजी के रूप में ज्ञान की शक्ति की सार्वभौमिक स्वीकृति है। प्रो. जे.आर. महांति ने कार्यक्रम की मेजबानी के लिए किट-ड्यू की सफलता से संबंधित अपनी अंतदृष्टि साझा की, जो कार्य-बल में युवाओं के भविष्य को आकार देने के लिए भावनाओं, विचारों और शोध कार्यों को साझा करने के उद्देश्य से बौद्धिक चर्चाओं के लिए समर्पित था। उन्होंने किट-ड्यू के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की ओर से इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रो. महांति ने बताया कि परामर्श, जिसमें पांच थीम और पूर्ण सत्र शामिल थे, उन्होंने पांच अलग-अलग परिसरों में आयोजित किया गया था और इसमें लगभग 10,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।




## संबलपुर रेल मंडल में आंबेडकर की 132वीं जयंती मनायी गयी



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. बीआर. अंबेडकर की 132वीं जयंती मंडल कार्यालय संबलपुर में मनायी गई। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने बाबा साहब डॉ. बीआर. अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पण किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने रेल अधिकारी और कर्मचारी को डॉ. बीआर. अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारधाराओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जुसुफ कबीर अंसारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, संबलपुर ने कार्यक्रम का समन्वय किया।




## आंबेडकर की 132वीं जयंती मनायी




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे की ओर से संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. बीआर. अंबेडकर की 132वीं जयंती मनायी। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा के नेतृत्व में डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किए। अपर महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव और रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्षों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी डॉ बाबा साहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रखर गुप्ता उप मुख्य कार्मिक अधिकारी ने कार्यक्रम का परिचालन लिए।










## संबलपुर में अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद, गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ कर 85 हुई

**भुवनेश्वर/संबलपुर (आजाद सिपाही)।** शहर में अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। संबलपुर शहर में कुछ समय के लिए कर्फ्यू को बहाल किया गया। सुबह चार घंटे और शाम को ढाइ घंटे लिए कर्फ्यू कोहल किया जायेगा। सुबह 7:30 से 11.30 तक और अपराह्न को 3:30 से साम 6 बजे तक कोहल किया जायेगा। यह जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय से मिली है। यह आज से प्रभावी है। उधर, संबलपुर में स्थिति अब नियंत्रण में है। अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव सत्यब्रत साहू ने कहा कि सोमवार को भी स्थिति की समीक्षा की जायेगी। रविवार को संबलपुर में स्थिति की समीक्षा करने के बाद डीजी पुलिस सुनील बंसल ने कहा, एक-दो दिन में स्थिति को देखते हुए कर्फ्यू हटाने पर फैसला लिया जायेगा। उधर, हिंसा की इस घटना में पुलिस ने 6 और लोगों को गिरफ्तार किया है। 12 तारीख को पथराव के आरोप में 3 और 14 को दुकान में तोड़फोड़ के आरोप में 3 को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, गिरफ्तारियों की कुल संख्या बढ़कर 85 हो गई है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**